दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 131
कोटद्वार बुधवार
6 सितम्बर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## आदित्य एल1 ने सफलतापूर्वक बदली दूसरी कक्षा, इसरो ने जारी किया अपडेट

**बेंगलुरु एजेंसी** । भारत के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल1 उपग्रह ने पृथ्वी की कक्षा बदलने का दूसरा चरण पूरा कर लिया है। इसरो ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि बेंगलुरु स्थित इस्ट्रैक सेंटर से आदित्य एल1 के पृथ्वी की कक्षा बदलने का दूसरा चरण सफलतापूर्वक किया गया। इस ऑपरेशन के दौरान मॉरीशस, बेंगलुरु और पोर्ट ब्लेयर में ग्राउंड स्टेशनों ने उपग्रह को ट्रैक किया। इसरो ने आगे बताया कि अब आदित्य एल1 की नई कक्षा 282 किमी & 40225 किमी है। तीसरी कक्षा बदलने का अगला अभ्यास (ईबीएनप्त3) 10 सितंबर 2023 को लगभग 02:30 बजे किया जाएगा। इससे पहले 3 सितंबर को आदित्य एल1 ने सफलतापूर्वक कक्षा बदल थी और उसे पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया गया था। इसरो ने रविवार को सुबह करीब 11.45 बजे आदित्य एल-1 की पहली अर्थ बाउंड फायरिंग की थी, जिसकी मदद से आदित्य एल1 ने कक्षा बदली।

## नक्सलियों को फंडिंग पर एनआईए का एक्शन, 8 जगहों पर मारा छापा

**नई दिल्ली ,एजेंसी** । उत्तर प्रदेश में एनआई ने सीपीआई (माओवादी) मामले के सिलसिले में 8 स्थानों पर एकसाथ छापा मार दिया है। आरोप लगाया जा रहा है कि इन ठिकानों से नक्सलियों को फंडिंग की जा रही थी, इसी को लेकर एनआईए ने छापेमारी की है।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी की छापेमारी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, आजमगढ़ और देवरिया जिलों में जारी है। बता दें कि एनआईए की टीम को इनपुट मिली थी कि युवाओं को बर्गला कर नक्सलियों को फंडिंग की जा रही है।

इसी इनपुट के आधार पर एनआईए की छापेमारी जारी है। जानकारी के मुताबिक वाराणसी के महामानपुरी कॉलोनी स्थित एक घर में एनआईए ने आज मंगलवार की सुबह छापा मारा। एनआईए की टीम ने घर में मौजूद एक छात्र संगठन से जुड़ी दो युवतियों से पूछताछ कर रही है। फिलहाल पूरे इलाके को सील कर दिया गया है और जिस मकान में एनआईए की टीम पूछताछ कर रही है उस तरफ से आवाजाही रोक दी गई है।

## अमृत कलश यात्रा हर परिवार में देशभक्ति की भावना जागृत करेगी : शिंदे

**मुंबई ,एजेंसी** । महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 'माझी माटी, माझा देश' (मेरी मिट्टी, मेरा देश) अभियान के तहत 'अमृत कलश यात्रा' को सफल बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है और कहा है कि यात्रा की योजना बनाई जानी चाहिए, ताकि राज्य के हर घर में देशभक्ति की भावना जागृत हो। अमृत कलश यात्रा की योजना बनाने के लिए सोमवार को आयोजित एक बैठक में बोलते हुए शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र से कुल 387 कलश नयी दिल्ली भेजे जाएंगे, जिनमें से 351 ग्रामीण क्षेत्रों से होंगे,जबकि शेष 36 प्रत्येक जिले के शहरी क्षेत्र से होंगे।

उन्होंने कहा कि इन कलशों को भारतीय स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के समापन के अवसर पर नई दिल्ली में एक कार्यक्रम के लिए भेजा जाएगा।

### उत्तराखंड विस मानसून सत्र 2023

# पहले दिन दिवंगत विधायकों को दी श्रद्धांजलि, धरने पर बैठे कांग्रेसी विधायक

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा का मानसून सत्र आज मंगलवार से शुरू हो गया है। पहले दिन सीएम धामी समेत सदन में मौजूद सभी सदस्यों ने पूर्व कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास के निधन पर शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी। सीएम धामी ने कहा कि चंदन रामदास का जाना हमारे लिए बड़ी क्षति है। उन्होंने हमेशा हमें मजबूती देने का काम किया है। बहुत से काम थे जो वे करना चाहते थे, हम उसे पूरा करेंगे। बगेश्वर की जनता के लिए करने वाले उनके अधूरे कामों को हम आगे बढ़ाएंगे। दो दो बजे के बाद सत्र की कार्यवाही छह सितंबर बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

वहीं, सुबह सत्र शुरू होने से पहले ही कांग्रेस के विधायक जोशीमठ आपदा को लेकर विधानसभा की सीढ़िया पर धरने पर बैठ गए। कांग्रेस विधायक लोहाघाट खुशहाल सिंह अधिकारी व ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर भी प्रदर्शन में पहुंचे। कांग्रेस विधायक मदन बिष्ट सुमित हृदयेश, विधायक धारचूला हरीश धामी, विधायक मनोज तिवारी, विधायक पिरान



कलियर फुरकान अहमद, विधायक ममता राकेश और विधायक जसपुर आदेश सिंह चौहान भी प्रदर्शन में शामिल हुए। इस दौरान विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान पर रोक लगाने और आपदा पीड़ितों को राहत पहुंचाने जैसी मांगों को उठाते हुए सरकार से निस्तारण की मांग की। कांग्रेस विधायकों का आरोप था कि जब सत्र ही नहीं चलेगा तो वह जनता के मुद्दे कैसे और कहां उठाएंगे।

उधर, सत्र के दूसरे दिन हंगामा होने के आसार हैं। सत्ता पक्ष को सदन के भीतर और बाहर आपदा, अतिक्रमण, लोकायुक्त समेत कई अन्य मुद्दों पर विपक्ष के तीखे तेवरों का सामना करना पड़ सकता है।तदर्थ नियुक्ति की मांग को लेकर अतिथि शिक्षकों ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के नेतृत्व में विधानसभा कूच किया। कूच के दौरान शिक्षकों को पुलिस ने रिस्पना पुल के पास ही बेरीकेडिंग लगाकर रोक दिया। अतिथि शिक्षक संघ के सदस्य सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। उनका कहना है कि मांग पूरी न होने तक वे धरने पर ही बैठे रहेंगे। सदन में सरकार से पूछने के लिए सभी सदस्यों ने कमर कस ली है। विस सचिवालय को विधायकों के 614 प्रश्न प्राप्त हो चुके हैं। पहले दिन निधन पर शोक के चलते प्रश्नकाल नहीं हुआ। लेकिन बुधवार को अपने और विरोधियों के प्रश्न सरकार के मंत्रियों के होमवर्क परीक्षा ले सकते हैं। प्रदेश सरकार की ओर से बुधवार को अनुपूरक बजट पेश करने के साथ ही राज्य आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण समेत अन्य विधेयक, वित्त विभाग की वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट, लेखा प्रत्यावेदन रिपोर्ट को सदन में पेश किया जाएगा। छह सितंबर को प्रश्न काल होगा। सात सितंबर को जन्माष्टमी पर सार्वजनिक अवकाश है। आठ सितंबर को चर्चा के बाद अनुपूरक बजट पारित किया जाएगा। आगे के सदन की कार्यवाही के लिए छह सितंबर को कार्यमंत्रणा की बैठक होगी।

> जब मैदानी जिलों में सरकारी भूमि एवं परंपरागत नदियों के किनारे बसी मलिन बस्तियों को नियमित करने के लिए अध्यादेश लाया जा सकता है तो पर्वतीय क्षेत्रों में ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता है। पर्वतीय क्षेत्रों जो लोग वर्षों से सड़कों के किनारे छोटे-छोटे व्यवसाय कर अपना गुजर-बसर कर रहे हैं, उन्हें अतिक्रमण के नाम पर उजाड़ा जा रहा है। बुधवार को हम इस मुद्दे को सदन में प्रमुखता से उठाएंगे। इसके अलावा आपदा सहित तमाम मुद्दों को उठाया जाएगा।
>
> **यशपाल आर्य, नेता प्रतिपक्ष**

### बुधवार को पेश होगा अनुपूरक बजट

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने सभी दलों से सदन को शांतिपूर्ण ढंग से चलाने में सहयोग के अपील की है। बुधवार को वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल सदन पटल पर अनुपूरक बजट पेश करेंगे। अनुपूरक बजट के 11100 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इसके पारित होने पर बजट का आकार 88507 हो जाएगा।

## गुलदार ने आंगन में खेल रही तीन साल की मासूम को बनाया निवाला



**जयन्त प्रतिनिधि।**
**पौड़ी** : जनपद पौड़ी गढ़वाल में गुलदार के हमले लगातार बढ़ते जा रहे है। गुलदार हमले में कई लोग अभी तक जान गंवा चुके है। श्रीनगर के ढिकाल गांव में गुलदार ने आंगन में खेल रही मासूम को निवाला बना दिया। जिससे क्षेत्र में दहशत बनी हुइ है।

मिली जानकारी के मुताबिक गुलदार ने श्रीनगर के ढिकाल गांव में आंगन में खेल रही तीन साल की मासूम को मार दिया। श्रीनगर के ढिकाल गांव में तीन साल की आइशा पुत्री गणेश नेगी आंगन में खेल रही थी। इसी बीच घात लगाकर बैठे गुलदार बच्ची को उठा कर ले गया।

घटना के समय आइसा के मम्मी और चाचा घर पर ही थे। लेकिन उनके शोर करने तक गुलदार बच्ची को उठाकर काफी दूर निकल गया था। ढिकाल गांव के पूर्व प्रधान चन्द्र सिंह नेगी ने बताया कि पूर्व में गुलदार मवेशियों को अपना निवाला बनाया था। गुलदार आए दिन क्षेत्र में दिखाई दे रहा था। गुलदार को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणो ने गुलदार को आदमखोर घोषित कर मारने की मांग उठाई है।

## बागेश्वर में दर्दनाक हादसा, पतियासार के पास खाई में गिरा कैंपर वाहन, तीन लोगों की मौके पर मौत

**कपकोट(बागेश्वर)।** उत्तराखंड के बागेश्वर में मंगलवार को दर्दनाक हादसा हो गया। कपकोट में पतियासार के पास एक कैंपर वाहन खाई में गिर गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची।एसडीआरएफ से मिली जानकारी के अनुसार, घटना दोपहर करीब चार बजे की है।

## झारखंड में लंपी वायरस का कहर, एक हजार से ज्यादा मवेशियों की मौत

रांची ,एजेंसी लंपी वायरस से फैलने वाली पशुओं की खतरनाक बीमारी झारखंड में कहर बरपा रही है। राज्य के चतरा, गढ़वा, पलामू, लातेहार, साहिबगंज, गोड्डा, दुमका, गुमला, रामगढ़, हजारीबाग में पिछले एक हफ्ते में बड़ी संख्या में पशुओं की मौत हो गई है।

विभिन्न जिलों से मिली सूचनाओं के मुताबिक, लगभग एक हजार से ज्यादा मवेशियों की जान चली गई है। सूखे के बाद अब पशुओं में फैली इस बीमारी से किसानों और पशुपालकों के बीच हाहाकार है।

पशुपालन विभाग ने चतरा, गोड्डा, साहिबगंज, गुमला, लोहरदगा आदि जिलों में बीमार पशुओं में इससे मिलते-जुलते लक्षण पाये गये हैं। इसके बाद सभी जिलों में पशुओं के लिए टीकाकरण का अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन शिकायत मिल रही है कि पर्याप्त संख्या में टीकों की उपलब्धता नहीं है।

इस वायरस के खतरे को देखते हुए विभाग के उच्चाधिकारियों ने सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। पदाधिकारियों को कहा गया है कि इस तरह की बीमारी से संक्रमित पशु अगर उनके जिले में पाए जाएं, तो नमूने को कोल्ड चेन में रख कर शीघ्र संस्थान को भेजें।

# मतदान शांतिपूर्ण संपन्न, पांच प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में कैद, आठ को मतगणना

**बागेश्वर।** बागेश्वर विधानसभा सीट बीते 26 अप्रैल को पूर्व कैबिनेट मंत्री चंदनराम दास के निधन के बाद खाली हुई थी। जिसके लिए आज मतदान हो रहा है। वहीं, आठ सितंबर को मतगणना होगी।

बागेश्वर उपचुनाव में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया है। इसके साथ ही भाजपा-कांग्रेस समेत पांच प्रत्याशियों का भाग्य भी मतपेटियों में कैद हो गया है। अब आठ सितंबर को मतगणना की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने बताया कि उपचुनाव में कुल 55.44% मतदान हुआ है। मतदान में कहीं से भी मतदान में कोई व्यवधान नहीं आया।

मतदान को लेकर मतदाताओं को खासा उत्साह दिख रहा है। मतदान शाम पांच बजे संपन्न होना था। लेकिन अभी भी मतदाता लाइनों में लगे हैं। शाम छह बजे तक मतदान संपन्न होने की उम्मीद है।

उपचुनाव में मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ था। वहीं मतदान अभी जारी है। दोपहर तीन बजे तक 45.50% मतदान हुआ। मतदान के लिए युवाओं के साथ ही बुजुर्गों में भी उत्साह दिखा। बड़ी संख्या में मतदाता मतदान के लिए पहुंचे। दूरस्थ



गावों से महिलाएं पैदल चलकर वोट डालने पहुंच रही हैं।

बागेश्वर उपचुनाव में मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ था। वहीं, दोपहर एक बजे तक 41.8% मतदान हुआ। मतदान के लिए युवाओं के साथ ही बुजुर्गों में भी उत्साह दिखा। बड़ी संख्या में मतदाता मतदान के लिए पहुंचे।

दिन चढ़ने के साथ ही मतदान को लेकर लोगों में उत्साह दिख रहा है। डंगोली बूथ पर 95 वर्षीय बुजुर्ग बिरमा देवी को कुर्सी पर बैठाकर लोग मतदान केंद्र तक लाए। वहीं पहली बार वोट डालने पहुंचे युवाओं में भी उत्सा दिखा।

बागेश्वर उपचुनाव में मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ था। वहीं, सुबह 11 बजे तक 22.94% मतदान हुआ। दिव्यांग वोटर भी वोट डालने पहुंचे। मतदान के लिए युवाओं के साथ ही बुजुर्गों में भी उत्साह दिखा।

जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बागेश्वर में मतदान किया। वहीं, कुमाऊं मंडल आयुक्त दीपक रावत एंड आईजी ने निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। साथ ही मतदान से संबंधी जानकारी ली। बागेश्वर उपचुनाव में मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ था। वहीं, सुबह नौ बजे तक 10.2% मतदान हुआ। मतदान के लिए युवाओं के साथ ही बुजुर्गों में भी उत्साह दिखा। दिव्यांग वोटर भी वोट डालने पहुंचे। कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार ने मंडलसेरा बूथ पर अपनी पत्नी रितु बसंत के साथ मतदान किया। वहीं, भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास ने भी सैनिक कल्याण कार्यालय स्थित बूथ पर वोट डाला। बूथ संख्या 181 व 182 में ईवीएम पर सीधे लाइट पड़ रही है। जिसके चलते लोगों को चुनाव चिन्ह स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहे हैं। टीम इस दिक्कत को दूर करने में जुटी है।

भाजपा की पार्वती दास, कांग्रेस के बसंत कुमार, सपा के भगवती प्रसाद उक्रांद के अर्जुन कुमार देव और उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के भगवत कोहली मैदान में हैं। आज इनका भाग्य मतपेटियों में कैद हो जाएगा। बताया गया कि चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास ने 24,23,183 रुपये, कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार ने 19,64,100 रुपये, उपपा प्रत्याशी भगवत कोहली ने 1,24,430 रुपये, सपा प्रत्याशी भगवती प्रसाद त्रिकोटी ने 1,71,96 रुपये व्यय किए हैं जबकि उक्रांद प्रत्याशी अर्जुन देव ने 3,33,096 रुपये व्यय किए हैं।

बागेश्वर विधानसभा क्षेत्र में नौ बूथ संचार विहीन हैं। यह सभी बूथ लाहुरघाटी के हैं। इन बूथों से सूचनाओं का आदान-प्रदान पुलिस के वायरलेस सिस्टम से होगा। सहायक निर्वाचन अधिकारी आरसी आर्या ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय भाटनीकोट, राजकीय प्राथमिक विद्यालय मनकोट, राजकीय प्राथमिक विद्यालय विनायक तोक, राजकीय प्राथमिक विद्यालय जाख, राजकीय प्राथमिक विद्यालय सलानी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय गनीगांव, राजकीय प्राथमिक विद्यालय सुराग, राजकीय प्राथमिक विद्यालय लमचूला और राजकीय प्राथमिक विद्यालय सिमगड़ी संचार सुविधा से वंचित हैं।

इन बूथों में सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए पुलिस के रिपीटर लगाए गए हैं। बागेश्वर विधानसभा सीट में हो रहे उपचुनाव के लिए सभी मतदान केंद्रों पर मतदान शुरू हो गया है। रातभर हुई बारिश के चलते अभी कम संख्या में लोग पोलिंग बूथ पहुंचे हैं। मौसम खुलने के साथ ही धीरे-धीरे मतदान केंद्रों पर भीड़ जुटने की संभावना है। बागेश्वर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 188 मतदेय स्थलों में सबसे अधिक 1220 मतदाता गरुड़ के मैगड़ीस्टेट मतदेय स्थल में हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सबसे कम 109 मतदाता सिमगड़ी मतदेय स्थल में हैं।

## परेशान न हों खुली है दिल्ली: जी -20 से पहले ट्रैफिक पुलिस का नोटिफिकेशन

**दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने जी20 समिट को लेकर 8 से 10 सितंबर को लेकर मंगलवार को एक नोटिफिकेशन जारी किया। जिसमें बताया गया है कि पूरी दिल्ली खुली रहेगी। प्रेस रिलीज में कहा है कि सिर्फ दिल्ली के एक छोटे से हिस्से में पाबंदियां लगाई गई हैं। दिल्ली पुलिस ने बाकायदा ट्वीट जारी कर जानकारी दी है।

एनडीएमसी इलाके में पाबंदियां रहेंगी। हम आपको बताना चाहते हैं कि कुछ न्यूज एजेंसियां अफवाह उड़ा रहे हैं कि दिल्ली बंद रहेगी लेकिन जी 20 समिट के दौरान नई दिल्ली इलाके में पाबंदी रहेगी। इस तरह की गलत खबरें लोगों को भ्रमित कर रही हैं।

उन्होंने आगे कहा कि हम आपको बता दें कि पाबंदियां सिर्फ एनडीएमसी के एक छोटे से इलाके में है। हम न्यूज एजेंसी से अनुरोध करते हैं कि लोगों को हमारी सलाह से सही जानकारी दें। इस तरह की अफवाह न उड़ाएं।

दिल्ली पुलिस ने जी 20 समिट से पहले सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी है। इस समिट में विश्व नेता शामिल होंगे।

# संविधान से इंडिया शब्द हटाने की तैयारी!

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार कथित तौर पर चल रहे अमृत काल के दौरान देश के लोगों को गुलामी मानसिकता और ऐसी मानसिकता से जुड़े किसी भी तत्व से मुक्त करने पर जोर दे रही है। संविधान से इंडिया शब्द को हटाने की योजना, मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने दावा किया कि प्रस्ताव से संबंधित तैयारी चल रही है।

भाजपा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने भारतीय संविधान में लिखे इंडिया शब्द का विरोध किया है।

सूत्रों ने कहा कि 18-22 सितंबर तक होने वाले संसद के विशेष सत्र में सरकार 'इंडिया' शब्द हटाने के प्रस्ताव से संबंधित विधेयक पेश कर सकती है। इसके अलावा, विशेष सत्र के दौरान सफल चंद्रमा मिशन चंद्रयान-3 और आदित्य एल-1 सौर मिशन के प्रक्षेपण सहित देश द्वारा हासिल की गई हाल की सफलताओं पर भी चर्चा होने की संभावना है, जिन्होंने वैश्विक सराहना बटोरी। जी20 शिखर सम्मेलन (9-10 सितंबर को भारत द्वारा आयोजित किया जा रहा है) के साथ-साथ मुख्य शिखर सम्मेलन से पहले आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित कार्यक्रम से संबंधित घटनाओं और कार्यक्रमों के बारे में भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

### भाजपा सांसद बोले- इंडिया शब्द अंग्रेजों की दी गई एक गाली

हालांकि, संसद के आगामी विशेष सत्र के एजेंडे की अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। सूत्रों के मुताबिक, 2047 तक भारत को 'विकसित देश' बनाने का रोडमैप तैयार किया जाएगा और इसी विषय पर चर्चा भी होगी।




17वीं लोकसभा के 13वें और राज्यसभा के 261वें सत्र के दौरान 18-22 सितंबर तक पांच बैठकें होनी हैं। सूत्रों की मानें तो सरकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद-1 में भारत की परिभाषा में इस्तेमाल किए गए 'इंडिया यानी भारत' शब्द से 'इंडिया' शब्द हटाने पर गंभीरता से विचार कर रही है।

हाल ही में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी लोगों से इंडिया की जगह भारत शब्द का इस्तेमाल करने की अपील करते हुए कहा था कि हमारे देश का नाम सदियों से भारत ही रहा है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत काल के पांच व्रतों पर जोर देते हुए कहा था कि इनमें से एक गुलामी की मानसिकता से मुक्ति भी शामिल है।

इस दिशा में सरकार ने कई कदम उठाए हैं, जिनमें शिक्षा नीति में बदलाव से लेकर प्रतीकों को हटाना, गुलामी से संबंधित सडक़ों और स्थानों के नाम बदलना, औपनिवेशिक सत्ता से जुड़े लोगों की मूर्तियां हटाना और प्रमुख (ऐतिहासिक) भारतीयों की मूर्तियां स्थापित करना शामिल है। दरअसल, 11 अगस्त को लोकसभा में मॉनसून सत्र के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने 1860 में बने आईपीसी, सीआरपीसीइन (1898) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (1872) को गुलामी की निशानी बताया था। तीन नए विधेयक भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 मौजूदा विधेयकों के स्थान पर पेश किए गए। इसके अलावा संसद के मानसून सत्र के दौरान ही भाजपा के राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने भारत को औपनिवेशिक गुलामी का प्रतीक बताते हुए इंडिया शब्द को हटाकर सिर्फ भारत शब्द का इस्तेमाल करने की मांग की थी। इसके अलावा, 25 जुलाई को भाजपा संसदीय दल की बैठक में मोदी ने विपक्षी दलों द्वारा अपने गठबंधन को इंडिया नाम देने पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि ईस्ट इंडिया कंपनी और इंडियन नेशनल कांग्रेस का गठन अंग्रेजों ने किया था।

# नशा मुक्ति के लिए प्रचार–प्रसार और जागरूकता कार्यक्रम किए जाएंगे-राज्यपाल



देहरादून। मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत की उपस्थिति में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय और समग्र शिक्षा अभियान व उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड के मध्य तीन वर्ष के लिए नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एमओयू किया गया है।

इस अभियान के तहत ब्रह्मकुमारी से जुड़े राजयोगी भाई–बहनों द्वारा समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्राम पंचायतों में नशा मुक्ति के लिए प्रचार–प्रसार और जागरूकता कार्यक्रम किए जाएंगे। इस अभियान में एल.ई.डी एवं उन्नत साउंड सिस्टम से युक्त विशेष वाहन का प्रयोग कर जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य 10 लाख छात्र–छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ करवाना एवं नशे की गिरफ्त व्यक्तियों को राजयोग मेडिटेशन एवं होम्योपैथी मेडिसिन से नशा मुक्त किया जाएगा।इस अभियान को सफल बनाने के लिए डोर टू डोर कैंपेन किया जाएगा। साइकिल रैली भी निकाली जाएगी। इसी क्रम में विगत वर्ष भारत सरकार द्वारा भी प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के साथ नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मार्च माह में एमओयू किया गया है। इस दौरान सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रामन, महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा बंशीधर तिवारी, ब्रह्मकुमारी की ओर से ब्रह्मकुमार बनारसी लाल, ब्रह्मकुमार मेहरचंद जी, ब्रह्मकुमार लक्ष्मी चंद जी, ब्रह्मकुमारी नीलम बहन जी, ब्रह्मकुमारी सरिता बहन जी, ब्रह्मकुमारी एल्विन बहन जी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया सम्मान

टिहरी : शिक्षक दिवस पर जिलेभर के स्कूलों में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। शिक्षकों ने छात्रों को पूर्व राष्ट्रपति व महान शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन के बारे में बताया।भारत रत्न से सम्मानित पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्ण की जंयती जिले भर के स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुये।

कांग्रेस पार्टी ने पार्टी दफ्तर में सेवा निवृत शिक्षकों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश राणा ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन महान शिक्षक के साथ दार्शनिक और विद्वान भी थे, उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया है,आज हम सबको उनके विचारों से प्रेरणा लेने की जरूरत है। कांग्रेस ने सेवानिवृत शिक्षिका ममता उनियाल, शगुफ्ता परवीन, शोभा डोभाल, शिक्षक जगजीत सिंह नेगी, लक्ष्मी प्रसाद डोभाल, राजेंद्र रावत, ऐके सिंह, देवेंद्र राणा आदि को शॉल भेंटकर सम्मानित किया।

# तहसील दिवस में 10 शिकायतें दर्ज, तीन निस्तारित

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जिला विकास अधिकारी अनिता पंवार की अध्यक्षता में मंगलवार को राजकीय इंटर कॉलेज टैंठी में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में स्थानीय जन प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा कुल 10 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से 03 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।तहसील दिवस में जुंटई की प्रधान श्रीमती आशा देवी ने गांव की विभिन्न समस्याओं के निराकरण करने के संबंध में प्रार्थना-पत्र दिया।

क्वली के ग्रामीणों ने बरसात से क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत करने की मांग की गई। दानकोट के सते सिंह ने खाता-खतौनी में सही नाम अंकित करने, बैरांगणा के पूर्व प्रधान जयकृष्ण भट्ट ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय के भवन मरम्मत के संबंध में प्रार्थना-पत्र दिया। इसके साथ ही उन्होंने शिकायत दर्ज करते हुए कहा कि तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी उन्हें कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण प्राप्त नहीं हुए हैं। संकरोड़ी निवासी चंद्र सिंह ने भारी बारिश के कारण पुश्ता टूटने से आवासीय भवन को उत्पन्न हुए खतरे के संबंध में तथा गैरसारी की उषा देवी ने कांडई-टैंठी-पाटा मोटर मार्ग में उनके अधिग्रहित किए गए खेतों का मुआवजा दिए जाने के संबंध में प्रार्थना-पत्र दिया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार व प्रशासन की प्राथमिकता है कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं का यथासंभव प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील दिवस में जो भी शिकायतें क्षेत्रीय जनता एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा दर्ज कराई गई हैं उन पर सभी अधिकारी शीघ्र कार्यवाही करते हुए निराकरण करना सुनिश्चित करें। इस दौरान तहसीलदार राम किशोर ध्यानी, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अखिलेश मिश्रा, सहायक अभियंता लोनिवि संजय सैनी, विद्युत विभाग से रोहित चौहान, राजस्व उप निरीक्षक अमित सिंह पुंडीर, कनिष्ठ सहायक जिला उद्योग केंद्र सुनील भट्ट, खादी ग्रामोद्योग सुनील रावत, वन आरक्षी गौरव पुरोहित, विन्दु जगवाण, उद्यान निरीक्षक राहुल कुमार, फार्मसिस्ट गोपाल सिंह रौतेला, काउंसलर मंजू पुरोहित सहित जन प्रतिनिधि व स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## अतिथि शिक्षकों ने मांगों को लेकर किया विधानसभा कूच

देहरादून। माध्यमिक अतिथि शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षकों ने मंगलवार को शिक्षक दिवस पर अपनी मांगों को लेकर विधानसभा कूच किया। इस दौरान पूर्व सीएम हरीश रावत भी शिक्षकों को समर्थन देने के लिए मौके पर पहुंचे।

उन्होंने कहा कि सरकार को शिक्षकों की मांगें पूरी करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए अतिथि शिक्षक पहले बन्नु स्कूल में एकत्रित हुए। यहां से सभी ने विधानसभा के लिए कूच किया। शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगें पूरी करने की मांग की। बैरीकेडिंग से करीब दो सौ मीटर पहले पूर्व सीएम हरीश रावत ने शिक्षकों से मुलाकात की और उन्हें अपना समर्थन दिया। इसके बाद वह बैरीकेडिंग तक शिक्षकों के साथ पैदल चले।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सरकार को शिक्षकों की मांग पूरी करनी चाहिए और उन्हें उचित मानदेय देना चाहिए। शिक्षक संघ के अध्यक्ष अभिषेक भट्ट ने कहा कि अतिथि शिक्षकों के लिए सरकार स्थाई नीति बनाए और समस्त 3700 के आसपास शिक्षकों को तदर्थ नियुक्ति मिले। अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार की पहली कैबिनेट में निर्णय हुआ था कि अतिथि शिक्षकों के पदों को रिक्त नही माना जाएगा। लेकिन इस पर कोई अमल नहीं हो पाया। जबकि सरकार ने इसे अपनी उपलब्धि बताया है। जिला प्रशासन और शासन के अधिकारियों और शिक्षक संघ के पदाधिकारियों के बीच मांगों को लेकर चार बजे के आसपास वार्ता हुई, जो विफल रही। इसके बाद शिक्षकों ने मौके पर ही डटे रहने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस होने के कारण उन्होंने शांतिपूर्वक अपनी मांगों को लेकर विधानसभा कूच करने का निर्णय लिया था। लकिन बुधवार को वह मांग पूरी नहीं होने का विरोध करेंगे। इस दौरान महामंत्री दौलत जगूड़ी, पुनीत पंत, उषा भट्ट, विजय पोखरियाल, विवेक यादव, विक्की रावत, आशीष जोशी, अजय कुमार भारद्वाज, दिनेश रावत, दिनेश लखेड़ा, सुंदर वर्मा, विनीता समेत विभिन्न जिलों से आए शिक्षक मौजूद थे।

## एफआरआई में दूसरे की जगह परीक्षा देने पहुंचा मुन्ना भाई गिरफ्तार

देहरादून। एफआरआई में चुतुर्थ श्रेणी के पदों पर चल रही भर्ती में दूसरे की जगह परीक्षा देने पहुंचे युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। कोर्ट से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। धारा चौकी इंचार्ज आशीष रावत ने बताया कि चकराता रोड स्थित चिल्ड्रन एकेडमी में एफआरआई के एमटीएस पदों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि परीक्षा अधीक्षक विशाल भारती ने तहरीर दी। बताया कि अहमदाबाद की निजी कंपनी परीक्षा आयोजित करा रही है। बताया कि सोमवार को चिल्ड्रन एकेडमी स्थित सेंटर में दीपक सिंह का पहचान पत्र लेकर परीक्षा देने आए युवक का चेहरा, बायोमेट्रिक नहीं मिले। हस्ताक्षर और फिंगर प्रिंट भी नहीं मिले। जांच में पता लगा कि दीपक सिंह निवासी असालवन, दुबिया, भिवानी हरियाणा की जगह देवेश शर्मा निवासी अवांगाबाद, मथुरा परीक्षा देने पहुंचा था।

# ऊखीमठ में व्यापारियों ने किया प्रदर्शन, सीएम को भेजा ज्ञापन

रूद्रप्रयाग : तुंगनाथ घाटी में व्यवसाय कर रहे व्यापारियों ने ऊखीमठ बाजार में प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। व्यवसायियों ने कहा कि वन विभाग द्वारा उन्हें बेदखली के नोटिस देकर उनके रोजगार को उजाड़ने की तैयारी की जा रही है। जिसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।



मंगलवार को तुंगनाथ घाटी के मक्कूबैंड, दुगलबिट्टा, चोपता तुंगनाथ, बनियाकुण्ड के व्यवसायी ऊखीमठ स्थित भारत सेवा आश्रम के निकट एकत्रित हुए। यहां से उन्होंने ऊखीमठ बाजार में मौन जुलूस निकालकर शासन व प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। बीते दो दिनों से तुंगनाथ घाटी के व्यवसायी मक्कूबैंड से लेकर भुनकुंड तक प्रदर्शन कर रहे थे। वहीं मंगलवार को प्रभावित व्यवसायियों को समर्थन देने के लिए घनसाली के पूर्व विधायक भीमलाल आर्य भी पहुंचे। तहसील परिसर में व्यवसायियों को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि एक ओर रुद्रप्रयाग व केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग द्वारा स्वरोजगार कर रहे स्थानीय युवाओं को बेदखली के नोटिस दिए गए हैं। इस मौके पर चोपता व्यापार मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र मैठाणी, क्षेपंस जसबीर नेगी, प्रधान विजयपाल नेगी, प्रधान अरविंद रावत, विजय चौहान, कैलाश पुष्पवान, कुंवर सिंह राणा, दिनेश बजवाल आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## एक नजर

### प्रमुख ने सुनी किसानों की समस्याएं

टिहरी : जाखणीधार ब्लॉक मुख्यालय में कृषि विभाग की ओर से आयोजित गोष्ठी में किसानों को मोटे अनाज को बढ़ावा देने के टिप्स दिए गए। ब्लॉक प्रमुख ने किसानों की समस्याओं को भी सुना।

जाखणीधार ब्लॉक प्रमुख सुनीता देवी ने गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए कहा कि और राज्य सरकार की ओर से मोटे अनाजों के उत्पादन बढ़ाने हेतु 2023 को मिलेट मिशन के रूप में मनाया जा रहा है। सरकार किसानों के लिये कई कल्याणकारी कदम उठा रही है। मिलेट मिशन के माध्यम से मंडुवा, झंगोरा, कौंणी, चींणा, बाजारा आदि फसलों को बढ़ावा देने का काम किया जा रहा है। उत्पादकों को सहकारी समितियों के माध्यम से क्रय किया जा रहा है।

कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी पवन कुमार काला ने मिलेट मिशन की जानकारी देते हुए किसानों से मोटे अनाजों के उत्पादन बढ़ाने की अपील की। कृषि विज्ञान केंद्र रानीचौरी के वैज्ञानिक डॉ. सचिन कुमार ने फसलों पर लगने वाले रोगों से निपटने के तरीके बताए। मौके पर ब्लॉक कृषि अधिकारी बालेश्वर प्रसाद, सुनीता शाह, जिपंस विनोद बिष्ट, बीडीओ डीपी चमोली, हर्षमणी सेमवाल, सीताराम भट्ट,भगवती रतूड़ी, वीर सिंह पंवार, धर्म सिंह गुनसोला सावित्री देवी, मुकेश लाल, रामनाथ, राजेश कुमार, विकास चौहान आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर काम करना होगा

चमोली : निजी विद्यालय संगठन की बैठक में आरटीई के तहत होने वाली सत्यापन प्रक्रिया के पूरी न होने पर नाराजगी जताई गई। बैठक में कहा गया कि निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों को अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर काम करना होगा।

रविवार को संगठन के जिलाध्यक्ष मनीष डिमरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कहा गया कि जिले के कई विकासखंडों में अभी आरटीई का सत्यापन नहीं किया गया है।

## शिक्षक दिवस के अवसर पर राजभवन में हुआ ''शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार'' सम्मान समारोह आयोजित

देहरादून। शिक्षक दिवस के अवसर पर मंगलवार को राजभवन में ''शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार'' सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने वर्ष 2022 में शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कारों के लिए चयनित 17 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। वर्ष 2022 में चयनित 10 प्रारम्भिक शिक्षक, 06 माध्यमिक शिक्षक एवं 01 शिक्षक प्रशिक्षक को यह सम्मान प्रदान किया गया है। (**सूची संलग्न)



बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षक–शिक्षिकाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात उनका दायित्व और भूमिका और भी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि राज्य शैक्षिक पुरस्कार से चयनित उत्कृष्ट शिक्षक अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।राज्यपाल ने कहा कि हमारी परंपराओं में गुरु की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और वे माता–पिता के बाद बच्चों के सच्चे पथ प्रदर्शक होते हैं। हम सभी को जो भी ज्ञान प्राप्त होता है वह गुरु की ही कृपा से संभव होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही बच्चों के भविष्य को सही दिशा में ले जा सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि 2047 तक भारत को विश्वगुरु और सर्वश्रेष्ठ भारत बनाने की दिशा में शिक्षकों की अहम भूमिका होगी।

राज्यपाल ने कहा कि हमारे यशस्वी शिक्षकों के मार्गदर्शन में स्वर्णिम भारत का निर्माण हो रहा है। पूरे समाज की सोच, विचार और धारणा को शिक्षक ही बदल सकते हैं।उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन में ही हमारे विद्यार्थी शिक्षा, ज्ञान और अपने कौशल के बल पर भारत को सशक्त, समृद्ध और विश्वगुरु के रूप में पुर्नस्थापित करेंगे। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु शिक्षकों को अपना उत्कृष्ट योगदान देने की अपील की।

शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता तथा विद्यार्थियों को अपना सर्वस्व देने वाला बताया। उन्होंने शैक्षिक पुरस्कार सम्मान राशि को 10 हजार रू. से 21 हजार रू. किये जाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने पुरस्कार प्राप्त करने वालों में 35 प्रतिशत महिलाओं का शामिल होना मातृशक्ति का भी सम्मान बताया। मुख्यमंत्री ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना भी की।

मुख्यमंत्री ने सभी शिक्षकों से अपेक्षा की कि आप सब अपनी मौलिक जिम्मेदारी के महत्व को रेखांकित कर एक ऐसी नई पीढ़ी का निर्माण करें, जो ज्ञान और विवेक के सामंजस्य से परिपूर्ण हो ताकि वह आज की सभी चुनौतियों का सफलतापूर्वक समाधान कर सके। यही हमारे शिक्षक होने की सार्थकता है। यही सच्चे अर्थों में 'शिक्षक दिवस' की प्रामाणिकता है और यही डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को श्रेष्ठतम नमन करने का सुअवसर भी है, भारत भूमि ने अनेक उच्च श्रेणी के शिक्षक हमें दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा शुरू की गई नई शिक्षा नीति हमारे बच्चों को भविष्य की जरूरतों के लिए तैयार करने का एक प्रयास है, जिसे विभिन्न हितधारकों से विचार–विमर्श के बाद तैयार किया गया है। जिसमें हमारे शिक्षकों की भी बहुत बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि इस शिक्षा नीति को सफल और फलदायी बनाने की केंद्रीय भूमिका में शिक्षक ही होते हैं। इसे इस तरह से आत्मसात करना होगा कि यह नीति छात्रों के जीवन का आधार बन जाये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाल वाटिका के शुभारम्भ के साथ ही उत्तराखण्ड नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 की शुरुआत करने वाला देश का पहला राज्य है। सरकार द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने के साथ ही शिक्षकों को सक्षम बनाने हेतु सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

# पछुवादून, जौनसार बावर के शिक्षण संस्थानों में शिष्यों ने किया गुरुओं को सम्मानित

विकासनगर। शिक्षक दिवस पर पछुवादून, जौनसार बावर के शिक्षण संस्थानों में शिष्यों ने उनके जीवन को सही सांचे में ढालने के लिए अपने गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त कर उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया। इस दौरान सभी शिक्षण संस्थानों में प्राचीन भारतीय गुरुकुल परंपरा सजीव होती दिखाई दी।

शिष्यों ने ह्यसब धरती कागद करूं, लेखनि करूं वनराय, सात समुद्र की मसि करूं गुरु गुण लिखा न जाए, बंदऊगुरु पद पदुम परागा..., गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागूं पाय, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताय, जैसे अमृत वचनों के माध्यम से अपने गुरुओं की महिमा का वर्णन किया। सरस्वती विद्या मंदिर मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ में प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट ने भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। छात्र–छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपने गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई यमुना कॉलोनी में छात्र–छात्राओं ने अपने शिक्षकों को उपहार देकर उनके प्रति अपना सम्मान प्रकट किया। खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय में बीईओ वीपी सिंह समेत कर्मचारियों ने डॉ. राधाकृष्णन को याद कर प्राथमिक विद्यालय विकासनगर की शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय बद्रीपुर में ग्रामीणों ने शिक्षकों को सम्मानित किया, जबकि सेवारत शिक्षकों ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया। प्राथमिक विद्यालय डोभरी, राजकीय इंटर कॉलेज डोभरी, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुद्रपुर, राउप्रावि पष्टा, जूहा स्कूल चांदपुर, जूहा स्कूल धर्मावाला, प्रावि प्रतीतपुर में छात्र–छात्राओं ने अपने गुरुओं उपहार दिए।

## 19 कुपोषित बच्चों को ब्लॉक के अधिकारियों को गोद दिया

विकासनगर। तहसील दिवस के अवसर पर मंगलवार को बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा कालसी ब्लॉक को कुपोषण मुक्त करने के लिए 19 कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों को ब्लॉक के अधिकारियों को गोद दिये गए। इन अधिकारियों द्वारा इन बच्चों की निगरानी की जाएगी व प्रत्येक माह तहसील दिवस पर बच्चों की ग्रोथ के बारे में एसडीएम और बाल विकास परियोजना अधिकारी को जानकारी दी जाएगी। गोद दिए बच्चों के लिए अधिकारियों से निवेदन किया गया कि यह सभी इन्हें अपने बच्चे की तरह देखे और उन्हें कुपोषण मुक्त करने में संबंधित परिवार की मदद करे। बताया इससे पहले भी बाल विकास परियोजना अधिकारी के द्वारा 2020 में अधिकारियों को कुपोषण को दूर करने के लिए अधिकारियों को बच्चों को गोद दिया गया था, जिसके बहुत अच्छे परिणाम आए थे। बतायया इस समय मात्र 19 बच्चे इस श्रेणी में है।

# योग प्रशिक्षुओं व छात्रों ने ली हिमालय बचाने की शपथ

ऋषिकेश। हिमालय बचाओ अभियान के तहत ऋषिकेश के योग प्रशिक्षुओं ने भी हिमालय को बचाने के लिए संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता ही हिमालय बचाओ अभियान को आगे बढ़ाएगा। मंगलवार को विभिन्न शिक्षण संस्थानों से जुड़े छात्र–छात्राओं के अलावा योग साधकों ने भी हिमालय को बचाने का संकल्प लिया। नालंदा शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज खदरी श्यामपुर में 555 छात्र–छात्राओं ने प्रार्थना सभा में हिमालय को बचाने के लिए शपथ ली। इस दौरान हिमालय बचाओ अभियान विषय पर छात्र–छात्राओं द्वारा भाषण प्रस्तुति भी दी गई। विद्यालय के प्रबंधक महावीर उपाध्याय ने छात्र–छात्राओं को हिमालय को प्रभावित करने वाले नकारात्मक पहलु भी बताए। उन्होंने कहा कि हिमालय बचाओ मात्र एक अभियान नहीं, बल्कि अपने स्वयं के जीवन को बचाने की लड़ाई है। उधर, पौड़ी गढ़वाल के यमकेश्वर ब्लॉक में स्थित राजकीय जूनियर हाईस्कूल पटना यमकेश्वर के विद्यार्थियों ने भी हिमालय को बचाने के लिए एकजुट होने की प्रतिज्ञा ली। छात्रों को शपथ दिलाते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुंवर सिंह राणा ने कहा कि जिस दिन हम सभी अपने आस–पास प्रकृति का सम्मान करना सीख जाएंगे, उस दिन समझो की हमने हिमालय को बचाने में अपना योगदान दे दिया है। इस दौरान विज्ञान अध्यापक अशोक क्रेजी ने हिमालय के महत्व के बारे में बताया।

बच्चों से अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने की अपील की।

## डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर आयुक्त गढ़वाल मण्डल विनय ने की देहरादून में अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक

देहरादून। जनपद के शहरी इलाकों में तेजी से बढ़ रहे डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर आज आयुक्त गढ़वाल मण्डल विनय शंकर पांडेय ने देहरादून नगर निगम सभागार में अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आयुक्त गढ़वाल मण्डल ने डेंगू से बचाव के लिए प्रत्येक वार्ड में दो शिफ्ट में कार्य करने के निर्देश नगर निगम को दिए। उन्होंने कहा कि डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में सुबह व शाम को प्रभावशाली लार्वा साइडल का छिड़काव किया जाय साथ ही प्रभावी रूप से फॉगिंग की जाय। उन्होने कहा शहरी क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में कोविड काल के दौरान प्रयोग में लाए गए बड़े टेक्टर फोगिंग मशीन से लार्वा साइडल का छिड़काव किया जाय तथा एक दिन में 20–25 वार्ड कवर करने के निर्देश दिए।। इसके अतिरिक्त प्रत्येक वार्ड में 10 से 15 फॉगिंग मशीनों से एक साथ फोगिंग की जाय।

आयुक्त गढवाल मण्डल ने कहा कि डेंगू के प्रभावी नियंत्रण को लेकर लार्वा पनपने वाले स्थानों को चिन्हित करते हुए लार्वा नष्ट किया जाना अतिआवश्यक है। इसलिए लार्वा व फॉगिंग के लिए



अलग–अलग टीमें बनाकर त्परता से युद्धस्तर पर कार्य किया जाय। उन्होंने कहा कि जल भराव वाले स्थानों,नालियों,रास्ते के गड्ढे,निर्माणाधीन भवनों आदि स्थानों पर बनाएं गए गड्डो में भी छिड़काव किया जाय तथा रिस्पना व बिंदाल नदियों के ऐसे किनारे जहां गड्ढों में पानी इकट्ठा है और आदमी की पहुंच से दूर है ऐसे स्थानों को चिन्हित कर ड्रोन से लार्वा साइडल का छिड़काव किया जाय ताकि लार्वा न पनप सके। आयुक्त ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी को चेतावनी देते हुए कार्यों में तेजी लाने को कहा तथा प्रत्येक वार्ड में नष्ट किए गए लार्वा व फोगिंग की रिपोर्ट दैनिक रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

आयुक्त गढवल मण्डल श्री पांडेय ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि शहर में डेंगू तेजी से फैल रहा है। अस्पताल में आने वाले डेंगू के लक्षण वाले मरीजों का उचित ईलाज किया जाय। मरीज कतई भी परेशान न हो इसका पूरा ख्याल रखा जाय।

उन्होंने कहा कि डेंगू के प्रभावी नियंत्रण को लेकर जनजागरूकता भी आवश्यक है,इसलिए नगर निगम के सभी डोर टू डोर कूड़ा उठान वाहनों से डेंगू के लक्षण व बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में प्री रिकॉर्डिंग ऑडियो चलाते हुए जनजागरूकता कार्यक्रम भी चलाएं जाए। साथ ही आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से भी जनता को जागरूक करने पर जोर दिया गया।

## जिला कार्यक्रम अधिकारी ने दिलाई शपथ

**पौड़ी** : पोषण माह में क्रमिक रूप से पोषण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। बाल विकास परियोजना कोट के आंगनबाड़ी केंद्र कठुड़ में पोषण गतिविधि के तहत गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र थपलियाल द्वारा पोषण की शपथ दिलवाई गई, जिससे वे सभी पोषण के महत्व को समझ सके। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पोषण रंगोली बनाई गई, जिससे लाभार्थियों को संतुलित भोजन की उपयोगिता बताई गई और 3 महिलाओं की गोद भराई की गई और उन्हें पोषण सामग्री प्रदान की गई। इस मौके पर सीडीपीओ कोट अंजू चमोली, सुपरवाइजर सुनीता, लाभार्थी कंचन, राजेश्वरी, विपिन आदि शामिल रहे।

# समाज में सबसे बड़ा है शिक्षक का दर्जा, सफलता की दिखाते हैं राह

### शिक्षक दिवस पर विभिन्न विद्यालयों में आयोजित किया गया कार्यक्रम

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : शिक्षक दिवस पर विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज में शिक्षक के दर्जे को सबसे बड़ा बताया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने जीवन में सफलता के लिए गुरु के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

उमरावनगर स्थित रोहित अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस पर छात्रों को शिक्षकों का महत्व बताने के साथ ही व कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जानकीनगर में कक्षा 11 एवं 12 के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 6 से 12 तक की कक्षाओं का छात्राध्यापक के रूप में संचालन किया। राजकीय इंटर कालेज कुंभीचौड़ में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मानपुर स्थित शांतिबल्लभ मेमोरियल इंटर कालेज में वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों ने कक्षाओं में अध्यापन कार्य किया। साथ ही छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शिक्षक दिवस पर ग्राम भेल्डा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षिका रेखा चौहान को सुदमन चौधरी सम्मान दिया गया। नवयुग पब्लिक स्कूल मोटाढाक में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या नीलम नेगी व विद्यालय संस्थापक हुकुम सिंह नेगी ने किया। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न नाट्य, नृत्य, एकल व समूह गायन की प्रस्तुति दी गई। इसके उपरान्त शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान प्रदान करने वाले शिक्षकों को विद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। जिनमें प्रतिमा, प्रीति जखमोला व अर्चना गुंसाई, संतोष ध्यानी, अनिल गौड़, प्रदीप रावत, अमर सिंह रावत आदि मौजूद रहे। आरसीडी पब्लिक स्कूल में भी शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. सुभाष चंद्र ढौंडियाल ने विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस के महत्व के बारे में बताया। साथ ही विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित की किए गए। ग्रामीण हिमालयन अध्ययन एवं संरक्षण संस्था की ओर से शिक्षक दिवस पर संस्था के संस्थापक डा. राधव सिंह रौतेला का स्मरण किया गया। संस्था के सदस्यों ने सदैव उनके बताए मार्ग पर भी चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या भुवन मोहन गुसाईं, सत्येंद्र सिंह चौहान, देवेंद्र प्रसाद बलोधी, गीता गुसाईं आदि मौजूद रहे।

राजकीय इंटर कालेज कुंभीचौड़ में शिक्षक दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों को जीवन में शिक्षक के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रधानाचार्य लखपत राज खुगशाल, वीरेंद्र कुमार बुडाकोटी, नीरज कुमार, पूनम पांथरी, प्रकाश चंद्र सिंह, अनिल प्रसाद गौड़ आदि मौजूद रहे।



ग्राम भेल्डा में आयोजित शिक्षक दिवस के कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व शिक्षक

# वीर चंद्र सिंह गढ़वाली उत्थान समिति ने किया शिक्षकों को सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : शिक्षक दिवस के अवसर पर वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्थान समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, सामाजिक कार्य, कला, साहित्य व खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

बद्रीनाथ मार्ग स्थित प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सेनि. कर्नल चन्द्र पाल सिंह पटवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, समिति अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह बिष्ट और खण्ड शिक्षा अधिकारी अयाजुददीन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर शैलेन्द्र बिष्ट ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र और भविष्य के संकेतक हैं। शिक्षकों के बिना आदर्श समाज की परिकल्पना अधूरी है।

तत्पश्चात विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर शिक्षिका सुनीता मधवाल, प्रो. डा. विजय अग्रवाल, प्रो. ओके बेलवाल, महिपाल सिंह, आशीष कुमार, सतीश कुमार, सुधा गौड़, सिद्वार्थ कोटनाला, संदीप बिष्ट, डा. पदमेश बुड़ाकोटी, संदीप डुकलान, राकेश कण्डवाल, शशिभूषण अमोली, अनिल कुमार भटनागर और उषा गोस्वामी सहित रक्तदाता रूप सिंह को सम्मानित किया गया।



कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित करते संस्था के सदस्य व अन्य

## जंगली मशरूम खाने से नेपाल की महिला की मौत

**पौड़ी** : चौबट्टाखाल के झल्लू गांव में रहने वाले तीन नेपाली मजदूरों की तबीयत खराब हो गई। तीनों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। मंगलवार सुबह एक महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। चौबटटाखाल के झल्लू गांव में रहने वाले तीन नेपाली मजदूरों ने 1 सितंबर की शाम को जंगली मशरूम की सब्जी खाई। अगले दिन उनकी तबीयत खराब होने पर उन्हें नौगांवखाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। जहां से उनको जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल के एमएस डा. अडडाबाला विजय बाबू ने बताया कि बीते 2 सितंबर को नौगांवखाल से तीन नेपाली मजदूर जिला अस्पताल में भर्ती हुए थे। इन तीनों ने जंगली मशरूम खाई थी। बताया कि मंगलवार की सुबह नेपाल निवासी 27 वर्षीय सुनीता की मौत हो गई है। जबकि नेपाल निवासी 28 वर्षीय गीता और हुरमत को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है।

# ग्रामीणों ने गिद्ध बचाने का लिया संकल्प



रिखणीखाल के अंतर्गत ग्राम सभा नावे तल्ली में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते ग्रामीण

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : विकासखंड रिखणीखाल के अंतर्गत ग्राम सभा नावे तल्ली में गिद्ध बचाओ विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि लगातार लुप्त हो रहे गिद्धों को सामूहिक प्रयासों से ही बचाया जा सकता है।

गोष्ठी का आरंभ करते हुए गिद्ध बचाओ अभियान के संरक्षक शिक्षक दिनेश चंद्र कुकरेती ने कहा कि गिद्धों की संख्या भोजन की कमी और कीटनाशक खाने से लगातार घट रही है। इनके स्थाई अड्डों में भी लगातार कमी आ रही है। कहा कि इसके लिए हमें इनके आवागमन के मार्ग को सुरक्षित रखना होगा।

साथ ही इनके अड्डों को पुर्नजीवित कर आग व मानव से सुरक्षित रखना होगा। कहा कि गिद्ध पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने में मददगार थे। लेकिन जब से मरे हुए जीवों में कीटनाशक रखा जाने लगा, तबसे लगातार इनकी संख्या में कमी आती गई।

ग्राम नावे तल्ली के बालम सिंह रावत, चंद्रमोहन सिंह रावत और अवतार सिंह रावत ने भी गिद्धों की संख्या बढ़ाने के लिए प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। गोष्ठी में बलवंत सिंह, थान सिंह, भोपाल सिंह, केशर सिंह, बालम सिंह, दर्शनी देवी, आनंदी देवी, बीरा देवी, चंदा देवी और शांती देवी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## 9 सितम्बर को लगेगी लोक अदालत

**पौड़ी** : जिले के सभी न्यायालयों में आगामी 9 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सिविल जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि पौड़ी, कोटद्वार, श्रीनगर, लैंसडौन व धुमाकोट में 9 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्राधिकरण के सचिव अकरम अली ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित फौजदारी शमनीय, वैवाहिक वाद, श्रम विवादों से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालन, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, धन वसूली वाद, दीवानी वाद, सेवा संबंधित मामले, राजस्व वाद जो न्यायालयों में लंबित हो, भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले, बिजली-पानी बिल संबंधित विवाद, सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराए जा सकते हैं। कहा कि न्यायालयों में अब तक न पहुंचे चेक बाउंस के प्रकरण, बैंक वसूली संबंधित प्रकरण, श्रम संबंधि विवाद, बिजली-पानी बिल संबंधित विवाद, भरण-पोषण वाद व अन्य शमनीय फौजदारी, वैवाहिक व दीवानी वाद भी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराए जा सकते हैं।

## गुलदार ने महिला पर किया हमला, घायल

**पौड़ी** : जनपद पौड़ी गढ़वाल में गुलदार का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन गुलदार लोगों पर हमला कर घायल कर रहे है। दमदेवल रेंज के पाबौ के सन्यु मरखोला गांव की एक महिला को गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया। महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाबौ लाया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। सन्यु मरखोला गांव की सतेश्वरी देवी सुबह घर से कुछ ही दूरी पर घास काटने गई थी। इसी बीच घात लगाकर बैठे गुलदार ने उस पर हमला कर घायल कर दिया। आसपास मौजूद अन्य महिला के शोर मचाने के बाद गुलदार वहां से भाग निकला। घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद पाबौ लाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

## महिला ने अलकनंदा झील में मारी कूद

**श्रीनगर गढ़वाल** : धारी देवी मंदिर के परिसर से मंगलवार को एक महिला ने अलकनंदा नदी में बनी झील में छलांग मार दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने महिला की काफी तलाश की लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। कोतवाली निरीक्षक रवि सैनी ने बताया कि मंदिर के पुजारी राजेश पांडे ने मोबाइल से चौकी कलियासौड़ पर धारी देवी मंदिर प्रांगण से एक अज्ञात महिला द्वारा अलकनंदा नदी में छलांग मारने की सूचना दी गई थी। कहा पास के सीसीटीवी कैमरे से निकाली गई फुटेज के आधार पर महिला की उम्र 40-45 वर्ष के करीब है। कहा कोतवाली श्रीनगर एवं चौकी कलियासौड़ पुलिस बल द्वारा जल पुलिस की सहायता से नदी में रॉफ्ट डालकर महिला के रेस्क्यू एवं मंदिर में लगे कैमरों की सहायता से शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। (एजेंसी)

# व्यापारियों के हित में बनाई जाएं योजनाएं



उपजिलाधिकारी के माध्यम से सीएम को पत्र भेजते व्यापारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने अतिक्रमण की जद में आए व्यापारियों के लिए ठोस नीति बनाने और उनके पुर्नस्थापन की मांग की है।

इस संबध में प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष विवेक अग्रवाल व महामंत्री लाजपत राय भाटिया की ओर से उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में कोटद्वार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चल रहा है। कोटद्वार में सड़क के किनारे दुकान लगाकर देश व बाहर के व्यापारी अपना कारोबार कर रहे थे लेकिन वर्तमान में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देकर इन्हें अतिक्रमण की श्रेणी में चिन्हित किया जा रहा है और व्यापारियों के प्रतिष्ठानों को हटाया जा रहा है। इससे व्यापारियों की आजीविका प्रभावित हो रही है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से अतिक्रमण की जद में आए व्यापारियों के पुर्नस्थापना की मांग की गई है।

## राधाकृष्ण नृत्य प्रतियोगिता में अंबिका व शिवानी ने मारी बाजी

**श्रीनगर गढ़वाल** : सरस्वती विद्या मंदिर हाईस्कूल श्रीनगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व शिक्षक दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस मौके पर राधाकृष्ण नृत्य प्रतियोगिता में अंबिका असवाल व शिवानी बिष्ट प्रथम, अंशिका एवं वेदांशी द्वितीय एवं सृष्टि व आरूषी तृतीय रही। राधाकृष्ण परिधान प्रतियोगिता में अंबिका असवाल व शिवानी बिष्ट प्रथम, हिमानी एवं हिमांशी द्वितीय व आरूषी व हितेष तृतीय रहे। भाषण प्रतियोगिता में मयंक पुरोहित ने प्रथम, दिव्यांशु कुमार ने द्वितीय एवं इंशिका बडोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि राजकीय पॉलीटेक्निक श्रीनगर की प्रधानाचार्य सरिता कटियार, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य मुकेश चंद्र मैठाणी, सीमा रावत, कांति थपलियाल, अमिता गैरोला आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर श्रीकोट स्थित परिष्कारम स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर नन्हें बच्चों ने आकर्षक परिधानों के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। (एजेंसी)

# कांग्रेस ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में 31 सेवानिवृत्त अध्यापकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ देश के द्वितीय राष्ट्रपति शिक्षाविद् डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

इस अवसर पर मेयर हेमलता नेगी ने कहा कि शिक्षकों के मार्ग दर्शन से ही देश को शिक्षाविद डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जैसे विद्वान राष्ट्रपति मिले। शिक्षकों की महिमा अनंत है। पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि शिक्षक छात्रों को सफलता की ओर प्रेरित करते हैं। वे उनको न सिर्फ पढ़ाते हैं बल्कि जीवन के महत्वपूर्ण पाठ भी पढ़ाते हैं। पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह रावत ने कहा कि भारतीय परंपरा में गुरू का सम्मान अनादि काल से किया जाता रहा है। वे हमारे मार्ग दर्शक हैं। तत्पश्चात 31 सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, पूर्व राज्य मंत्री विजयनारायण सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष डा. चंद्रमोहन खर्कवाल, जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस रश्मि पटवाल, मनवर सिंह आर्य और अमित राज सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व शिक्षकों को सम्मानित करते पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी

## रोटरी क्लब ने 95 शिक्षक व शिक्षिकाओं को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : शिक्षक दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब की ओर से क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के 95 शिक्षक व शिक्षिकाओ को नेशन बिल्डर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

नजीबाबाद रोड स्थित रोटरी सामुदायिक केंद्र में आयोजित समारोह का शुभारंभ रोटरी अध्यक्ष कुलदीप अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति व समाज में शिक्षक का सर्वोत्तम स्थान है। शिक्षकों के उचित मार्ग दर्शन से ही आज का छात्र कल देश का जिम्मेदार नागरिक बनता है। हमें शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों के योगदान को नहीं भूलना चाहिए। तत्पश्चात क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के 95 शिक्षक व शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब सचिव प्रतिभा गुप्ता, कोषाध्यक्ष सचिन गोयल, उपसचिव डीपी सिंह, अनीत चावला, वाईपी गिलरा, अनिल भोला, गोपाल बंसल, धनेश अग्रवाल, शरत चन्द्र गुप्ता, राजेश गुप्ता, अशोक अग्रवाल और अमित अग्रवाल सहित क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में आरूषि, शिवांश ने मारी बाजी



राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए बच्चें।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**थलीसैंण** : सरस्वती शिशु मंदिर थलीसैंण में श्री राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राधा रूप सज्जा प्रतियोगिता में आरूषि प्रथम, वंशिका द्वितीय, वैष्णवी तृतीय स्थान पर रही, जबकि कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में शिवांश पोखरियाल, शिवांश रावत, आर्यन और शिवांश मंमगाई ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मंगलवार को स्कूल में राधा रूप सज्जा और कृष्ण रूप सज्जय प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी, पहली और दूसरी कक्षा के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका मोनिका धस्माना, पूजा भारद्वाज, शैफाली चौधरी, प्रियंका मैंदोलिया, विनीता नेगी, दीपा देवी, सत्येंद्र सिंह रावत, निशा और श्रीमती विनीता देवी ने निभाई। इस मौके पर प्रधानाचार्य सुमन काला ने विजेता छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करें।

उन्होंने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की बच्चों कि प्रथम पाठशाला अपना घर होता है अच्छे संस्कार देना अभिभावकों की जिम्मेदारी होती है।

# शिक्षक दिवस पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बांधा समा

**कोटद्वार** : सनेह क्षेत्र के अन्तर्गत श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल लालपानी में भारत रत्न से सम्मानित पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्ण का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा राधा-कृष्ण के सुंदर नृत्य प्रस्तुत किये। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग तरीके से अपने गुरुओं का सम्मान किया तो वहीं शिक्षकों ने गुरु-शिष्य की परंपरा को कायम रखने का संकल्प लिया।

प्रधानाचार्या श्रीमती अनुपमा शर्मा ने दीप प्रज्जवलित एवं सरस्वती माँ एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। तत्पश्चात छात्राओं ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने कविताएं, समूहगीत, भाषण एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में शिक्षकों ने छात्रों को पूर्व राष्ट्रपति व महान शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन छात्र अंश ध्यानी, हिमांशु बिष्ट ने किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षक सार्थक जीवन की राह दिखाता है और एक शिक्षक ही राष्ट्र का निर्माता होता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को शिक्षकों के प्रति सम्मान की भावना बनाए रखने की सीख दी। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं समेत अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



एसजीआरआर लालपानी में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए छात्राएं।

## श्रीनगर में न्यायिक कार्यों से विरत रहे अधिवक्ता

**श्रीनगर गढ़वाल** : हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में श्रीनगर में अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे। इस दौरान बार एसोसिएशन श्रीनगर के संरक्षक अनूप श्री पांथरी ने कहा कि हापुड़ जिले में प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं पर पुलिस ने बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज किया, जो कि निंदनीय है। कहा कि बार एसोसिएशन श्रीनगर इसकी घोर निंदा करता है। रोष व्यक्त करने वालों में बार एसोसिएशन श्रीनगर के अध्यक्ष प्रमेश जोशी, उपाध्यक्ष जगजीत सिंह जयाड़ा, सचिव ब्रह्मानंद भट्ट, विकास पंत, प्रदीप मैठाणी, विवेक जोशी, देवी प्रसाद खरे, बलवीर सिंह रौतेला, विकास कठैत, सुरेंद्र सिंह रौथाण, सुबोध भट्ट, परमानंद मैठाणी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# मुख्यमंत्री धामी के दरबार में पहुंचा रेरा और अतिक्रमण का मामला



हल्द्वानी। कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत और रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर रेरा व अतिक्रमण को लेकर क्षेत्र में हो रहे आंदोलनों की जानकारी दी। उन्होंने दोनों प्रकरणों में आंदोलित किसानों, रियल एस्टेट कारोबारियों व दुकानदारों को राहत देने की मांग की। जिस पर मुख्यमंत्री ने दोनों प्रकरणों में उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। विधानसभा के मानसून सत्र के प्रथम दिवस की कार्यवाही के बाद दोनों विधायक, मुख्यमंत्री से मिले। उनसे रेरा और राष्ट्रीय राजमार्ग पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के मामले का जल्द समाधान करने की मांग की। विधायक भगत ने मुख्यमंत्री को बताया कि पिछले 21 दिनों से रेरा को लेकर स्थानीय किसान हल्द्वानी में आंदोलनरत हैं। रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े युवाओं के सामने आजीविका का संकट पैदा हो रहा है। तहसील में दस्तावेज लेखक का कार्य करने वाले युवाओं का रोजगार भी प्रभावित हो रहा है। ठीक इसी तरह राजमार्ग व राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे आजीविका के साधन जुटाकर परिवार का भरण–पोषण कर रहे दुकानदारों को भी राहत प्रदान की जाए।

## शिक्षक दिवस पर स्कूल–कॉलेजों में सम्मानित हुए शिक्षक

हल्द्वानी। जिलेभर के स्कूलों और अन्य शिक्षण संस्थानों में मंगलवार को शिक्षक दिवस व जन्माष्टमी के कार्यक्रमों की धूम रही।

कई स्कूलों और संस्थाओं में शिक्षकों को एक मंच पर सम्मानित किया गया। खालसा नेशनल बालिका इंटर कॉलेज में बीईओ हरेंद्र कुमार मिश्र ने जीआईसी कठघरिया के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र तिवारी, एमबी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डीके पंत, प्राथमिक विद्यालय हल्दूपोखरा नायक की प्रधानाध्यापिका विमला जोशी को सम्मानित किया। निधि जोशी ने प्रेरक कविता सुनाई। जीजीआईसी वनभूलपुरा में शिक्षकों और स्टाफ को सम्मानित किया गया।

# रेरा के खिलाफ किसानों का हस्ताक्षर अभियान जारी



हल्द्वानी। भूमि बिक्री और खरीद के लिए लागू किए गए रेरा के नियम का किसान लगातार विरोध कर रहे हैं। मंगलवार को तहसील परिसर में एकजुट किसानों ने हस्ताक्षर और जागरूकता अभियान चला कर लोगों से आंदोलन के लिए समर्थन मांगा। इस दौरान कहा कि जबरदस्ती लागू किए गए रेरा के नियम से छोटी जोत के किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। नए नियम के माध्यम से किसान की भूमि को अधिग्रहीत करने की कोशिश की जा रही है। नियम को हटाए जाने तक किसानों का आंदोलन जारी रहेगा इस दौरान बलजीत सिंह ललित जोशी अर्जुन बिष्ट, राम सिंह नगरकोटी मौजूद रहे।

# अधिवक्ता महासंघ के महासचिव बनने पर परिहार का स्वागत




हल्द्वानी । उत्तराखण्ड अधिवक्ता महासंघ का महासचिव बनने पर हल्द्वानी बार एसोसिएशन के सचिव विनीत परिहार का मंगलवार को हल्द्वानी में स्वागत किया गया। परिहार ने पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं के हित में कार्य करने का भरोसा जताया। स्वागत करने वालों में हल्द्वानी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेन्द्र चुफाल, अतुल पन्त, योगेश लोहनी, पीयूष लोशाली, बशीरत जहां, सुचित्रा बेलवाल, गोविन्द सिंह बिष्ट, घनानन्द जोशी, चन्दन सिंह, अब्दुल मतीन, धर्मेन्द्र सोलंकी, शिव कुमार, संजय सिंह, सैम रावत, रिजवान, मुजाहिद सैफी, आशीष सांगुड़ी, दिनेश जोशी, गोविन्द डंगवाल, योगेन्द्र पाठक, अनिल कनौजिया, नवाज समी, बसंत भट्ट, कमल उप्रेती, मोहित मैलानी, विमल पोखरिया, निखलेश जोशी, अनिल आर्या, मुकेश तिवारी रहे। हाईकोर्ट बार के अध्यक्ष व महासंघ अध्यक्ष डीसीएस रावत और हाईकोर्ट बार सचिव सौरभ अधिकारी ने भी हर्ष व्यक्त किया।

## तहसील दिवस में अधिकारियों को बताई समस्याएं

हल्द्वानी। तहसील दिवस में अधिकारी अधिक व फरियादी कम पहुंच रहे हैं। मंगलवार को हल्द्वानी तहसील में 17 समस्याएं दर्ज की गईं। इन समस्याओं को सुनने के लिए 23 विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह व तहसीलदार सचिन कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनीं। यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने ज्ञापन सौंपकर राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया सरल करने, लोगों को बेसहारा पशुओं से निजात दिलाने, राजपुरा में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराने, बिजली कटौती से राहत की मांग की।

# राजपुरा के लोगों ने खाली बर्तनों के साथ किया प्रदर्शन

हल्द्वानी। पेयजल किल्लत से परेशान राजपुरा के लोगों ने मंगलवार को खाली बर्तनों के साथ वार्ड में प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

कहा, जल संस्थान लोगों को पेयजल देने में नाकाम हो रहा है। एक माह में पेयजल आपूर्ति करने वाला ट्यूबवेल दूसरी बार खराब हो गया है। कई बार मांग के बाद भी स्थाई समाधान नहीं किया जा रहा है। हल्द्वानी के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पानी संकट बना रहता है।

लगातार खराब हो रहे ट्यूबवेल इस संकट को और बढ़ा रहे हैं। तीन दिन से राजपुरा व हाइडिल कॉलोनी में मोटर खराब होने से आपूर्ति ठप है। पानी आपूर्ति का दूसरा साधन न होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पानी के लिए लोग टैंकर पर निर्भर हैं। लेकिन निजी टैंकर संचालकों के हड़ताल के चलते मंगलवार सुबह घरों में पानी नहीं पहुंचने पर राजपुरा के लोगों ने खाली बर्तनों के साथ वार्ड में प्रदर्शन किया। कहा, विभाग ट्यूबवेल का संचालन पुरानी रिपेयर मोटर के भरोसे कर रहा है। कहा, एक माह में दो बार मोटर खराब होने से लोगों को पानी के लिए एक से दो किमी तक भटकना पड़ रहा है। कहा, कई बार मांग के बावजूद ट्यूबवेल में नई मोटर नहीं लगाई जा रही है। उन्होंने जल्द पेयजल का स्थायी समाधान न होने पर विभागीय कार्यालय में तालाबंदी कर अधिकारियों के घेराव को चेताया। इस मौके पर यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू, प्रीति आर्या, विशाल मंडल, शिवानी वाल्मीकि, चंचला मिस्त्री, ज्योति वाल्मीकी, जशोदा जाटव, रेशमा, चंद्रपाल गुप्ता, बबीता, नेहा, ज्योति, रामकुंवर, मदन लाल, सुशील राय रहे।

**नहर कवरिंग क्षेत्र में क्षतिग्रस्त लाइनें बढ़ा रही संकट**

चौफुला से ऊंचापुल तक नहर कवरिंग क्षेत्र में जल संस्थान पेयजल लाइनों को बदलने का काम कर रहा है। जिससे कॉलोनियों को पेयजल सप्लाई करने वाली लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इससे लोगों को पानी के परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय अरविंद बिष्ट के अनुसार टैंकर से भी प्रभावित क्षेत्र में प्रर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। जिससे लोग निजी टैंकर मंगाने को मजबूर हैं।

## इनरव्हील क्लब ने किया शिक्षकों को सम्मानित

हल्द्वानी। इनरव्हील क्लब ऑफ हल्द्वानी ने मंगलवार को शिक्षक दिवस पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय बमोरी के शिक्षकों को सम्मानित किया। अध्यक्ष इंदू पाण्डे ने बताया कि शिक्षकों को उपहार व मिठाई देकर सम्मानित किया। शिक्षक दिवस के विषय और सभी लोगों के जीवन को सफल बनाने में शिक्षकों के महत्वपूर्ण योगदान के बारे में बताया गया।

# भाजपा ने किया वोटर चेतना महा अभियान के तहत बैठक का आयोजन



अल्मोड़ा। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के तत्वाधान में आज भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे हैं वोटर चेतना महा अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अल्मोड़ा विधानसभा के अभियान के संयोजक अरविंद बिष्ट ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विधानसभा के प्रत्येक बूथ पर इस अभियान को चला रही है। इसके तहत 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नव मतदाताओं को इस अभियान में जोड़ा जा रहा है तथा मतदाता सूची में मतदाताओं के पहचान पत्रों में संशोधन तथा नए नाम जोड़ने व हटाने का कार्य किया जा रहा है। नगर अध्यक्ष अमित साह मोनू ने कहा कि अल्मोड़ा नगर के 35 बूथों में इस अभियान को वृहद रूप पर चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत सभी बूथ अध्यक्षों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप गई है। आज इस बैठक में एक दर्जन से अधिक नव मतदाताओं का पंजीकरण कराया गया।

## डिफेंस एकेडमी तिकोनिया में स्वास्थ्य शिविर लगा

हल्द्वानी। शिक्षक दिवस पर मंगलवार को डिफेंस एकेडमी तिकोनिया में पूर्व नौ सैनिक कल्याण समिति की ओर से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन वरिष्ठ पूर्व नौसैनिक पीसी मेलकानी ने किया। डॉ. सुमित भट्ट, डॉ. जगदीश चंद्र भट्ट, डॉ. सरफराज अहमद, दीपचंद जोशी, दिगंबर बिष्ट की टीम ने 60 बच्चों, 10 शिक्षकों और 15 पूर्व सैनिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। यहां आरपी सिंह, आनंद सिंह ठठोला, सीएस डांगी, रमेश भट्ट, संजय शाह, हेम चन्द्र जोशी, गोपाल सिंह खाती, ठाकुर सिंह, खड़क सिंह बिष्ट रहे।

# जीआईसी नाई में शिक्षक दिवस समारोह शिक्षक—छात्र हुए सम्मानित



अल्मोड़ा। राजकीय इंटर कॉलेज नाई में शिक्षक दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य रमेश सिंह रावत और मुख्य अतिथि कुलदीप सिंह अल्मिया ने मां सरस्वती व डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में चाणक्य, द्रोणाचार्य, वशिष्ठ आदि गुरूओं का नामोल्लेख करते हुए गुरू के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि गुरू ही देश के भविष्य का निर्माता है। शिक्षक दिवस समारोह में सत्र 2022–23 में 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा में कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्व० रणजीत सिंह अल्मिया मेधावी विद्यार्थी पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। 12वीं में यह पुरस्कार सुमित कुमार को और 10वीं में दीपिका भंडारी को प्रदान किया गया। पुरस्कार के रूप में दोनों छात्राओं को 2500–2500 रूपये की नकद धनराशि व स्मृति चिन्ह कुलदीप सिंह अल्मिया द्वारा प्रदान किये गए। सुमित कुमार का पुरस्कार उनके पिता गोविंद राम ने प्राप्त किया।

# पूर्व दर्जामंत्री अल्मोड़ा विधानसभा के सभी परिवारों तक पहुंचाएंगे सुन्दरकाण्ड की पुस्तक



अल्मोड़ा। पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने आज अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि वे अल्मोड़ा विधानसभा के सत्तर हजार परिवारों में संस्कृति एवं सनातन के प्रचार प्रसार के लिए सुन्दरकाण्ड वितरित करेंगे। मंगलवार को इक्यावन हजार सुन्दरकाण्ड की पुस्तकों के साथ कर्नाटक ने इस कार्य का शुभारंभ किया। कर्नाटक ने कहा कि भगवत इच्छा से अभी उनके द्वारा सुन्दरकाण्ड पुस्तकों का वितरण अल्मोड़ा विधानसभा में किया जा रहा है और आगे हनुमान जी का आर्शीवाद रहा तो वे इसके बाद पूरे कुमाऊं मण्डल और उसके बाद समूचे उत्तराखंड में प्रत्येक परिवार तक सुन्दरकाण्ड की पुस्तक वितरित करेंगे। कर्नाटक ने कहा कि हम लोगों की ये नैतिक जिम्मेदारी है कि हम अपने युवाओं को अपनी संस्कृति और सनातन से जोड़ने का कार्य करें। इससे जहां एक ओर हमारा युवा अपनी संस्कृति को गहराई तक जानने का प्रयास करेगा वहीं नशे जैसी बुरी आदतें भी उससे दूर रहेंगी।

उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में रामलीलाओं से समूचा क्षेत्र गुंजायमान रहेगा ऐसे में प्रत्येक परिवार तक सुन्दरकाण्ड पहुंचाकर वे विशेष तौर पर युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। यहाँ प्रेसवार्ता में बिट्टू कर्नाटक के साथ देवेन्द्र कर्नाटक, रमेश जोशी, हंसा दत्त कर्नाटक, राकेश सिंह बिष्ट, हेम जोशी, प्रकाश मेहता, वीरेंद्र सिंह, रोहित शैली, मनीष तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

## अपनी जिम्मेदारी को पूरी इमानदारी से निभाये शिक्षकः अनिल कुमार

काशीपुर। राजकीय शिक्षक संघ शाखा ने शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी में नौ सेवानिवृत शिक्षक समेत 14 लोगों को सम्मानित किया। इस दौरान शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए। मंगलवार को जीजीआईसी सभागार में आयोजित गोष्ठी में संघ अध्यक्ष कौशल चौधरी ने सेवानिवृत शिक्षक प्रदीप चौहान, गुलाब सिंह, कृपाल सिंह, रामयश पटेल, लाल साहब यादव, दूध नाथ त्यागी, देश दीपक पाल, प्रवेंद्र चौहान, पुष्पा रानी को शॉल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके अलावा सेवानिवृत बीईओ अनिल कुमार, प्रधानाचार्य पीएल भारती के साथ शैलेश मटियानी पुरस्कार से सम्मानित केजी पाठक, स्वतन्त्र कुमार मिश्रा, डॉ. तजम्मुल हसन को भी सम्मानित किया गया।

# सल्ट क्रान्ति' के अवसर पर शहीद दिवस कार्यक्रम में सांसद अजय टम्टा ने किया प्रतिभाग




अल्मोड़ा। सांसद अजय टम्टा ने अल्मोड़ा के सल्ट (खुमाड़) में 5 सितंबर 'सल्ट क्रान्ति' के अवसर पर शहीद दिवस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने खुमाड़, सल्ट में शहीदों की प्रतीमा पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा शहीदों को श्रद्धांजलि दी। सांसद अजय टम्टा ने कहा कि जिन अमर शहीदों की शसहादातों से देश आजाद हुआ उन सभी ज्ञात अज्ञात शहीदों को नमन करता हूँ एवं श्रद्धांजलि देता हूँ। इस दौरान सांसद अजय टम्टा ने 5 सितंबर 'सल्ट क्रान्ति' में शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अंग्रेजों से लोहा लेते समय खुमाड़ क्षेत्र के शहीद हुए स्व. खीमानन्द एवं उनके सगे भाई स्व० श्री गंगाराम सहित स्व. बहादुर सिंह एवं स्व. चूड़ामणि ने क्षेत्र के साथ अपना नाम अमर किया है। साथ ही सल्ट के स्वतंत्रता वीरों को याद करने के लिए क्षेत्रीय लोगों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों के अलावा विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने शहीद स्थल में पंहुच कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

शहीद दिवस समारोह के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज खुमाड़ में आयोजित कार्यक्रम में भी सांसद अजय टम्टा ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की व उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार शहीदों के सम्मान को बनाए रखने के लिए कृत संकल्पित है।

# बार एसोसिएशन की नामांकन प्रक्रिया हुई पूरी, अध्यक्ष पद पर तीन ने कराया नामांकन



अल्मोड़ा। जिला बार एसोसिएशन की नामांकन पत्र भरने की अन्तिम तारीख पर आज तक अध्यक्ष पर केवल सती, जमन सिंह बिष्ट और महेश चन्द्र सिंह परिहार ने नामांकन कराया। उपाध्यक्ष पद पर कवीन्द्र पंत, दीवान सिंह लटवाल एवं कुन्दन सिंह लटवाल ने अपना नामांकन कराया। महिला उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती अमिता चौधरी एवं श्रीमती भावना जोशी ने नामांकन कराया। सचिव पद पर एकमात्र दीप चंद्र जोशी, उपसचिव पद पर प्रेम राम आर्य एवं कोषाध्यक्ष पद पर रोहित बिष्ट, सह कोषाध्यक्ष पद पर मुकेश कुमार ने अपना नामांकन कराया।

## तमिलनाडु में सीएम के बेटे के बयान पर आक्रोश

हल्द्वानी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म व वैदिक हिन्दू धर्म पर दिए गए बयान की पर्व निर्णय सभा उत्तराखंड ने निन्दा की है। सभा सचिव व संस्कृत के विद्वान डॉ. नवीन चन्द्र जोशी ने कहा कि यह बयान शर्मनाक ही नहीं बल्कि निन्दनीय भी है। इस बयान का समर्थन करने वाले लोग भी दोषी हैं।

ऐसे लोगों को पहले सनातन धर्म के बारे में जानकारी प्राप्त करनी चाहिए।

# सोमेश्वर पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न गावों में भांग की खेती नष्ट कर आमजन को नशे के प्रति किया जागरूक



अल्मोड़ा। एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु के निर्देशन में अल्मोड़ा पुलिस द्वारा "ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025" के तहत जनपद को नशा मुक्त बनाने हेतु नशा तस्करों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही करते हुए नशा मुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करने के लिए हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। सोमवार को सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सोमेश्वर कश्मीर सिंह के नेतृत्व में सोमेश्वर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम टाना, मड़ी, लखनाड़ी व बरगला में भांग की खेती को नष्ट कर ग्रामीणों को नशा मुक्ति का संदेश देते हुए अपने आस–पास उगी भांग को स्वयं नष्ट करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर नशा मुक्त जीने हेतु जागरुक किया गया। थानाध्यक्ष सोमेश्वर ने ग्रामीणों को बताया कि गांव या आस–पास अवैध रुप से नशा बेचने वालों की सूचना पुलिस को दें,

# युवा सीख रहें सेना भर्ती रैली में सफल होने के गुर



**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : विकासखंड थलीसैंण के युवा देश सेवा के लिए लालायित है। युवा आर्मी भर्ती रैली में सफल होने के लिए जी जान से लगे हुए है। इनकी हसरतों को नई उड़ान देने के लिए युवा कल्याण विभाग भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। क्षेत्र के 20 युवक-युवतियां आर्मी भर्ती रैली में किस तरह सफल होना है, कैसे कम समय में मुकाम हासिल करना है, यह गुर सिखाये जा रहे है।

रोजगार प्रेरक कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण युवाओं का 15 दिवसीय सैन्य प्रशिक्षण विकासखंड थलीसैंण मुख्यालय में दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 15 सितम्बर तक चलेगा। आर्मी रिटायर आशा-राम पोखरियाल युवाओं को प्रशिक्षण दे रहे है। युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि 20 बालक-बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह ट्रेनिंग बच्चों को आर्मी में भर्ती होने के लिए दी जा रही है।

## अतिक्रमरण हटाने के विरोध में व्यापारियों ने प्रदर्शन कर जताई नाराजगी

टिहरी : अतिक्रमण हटाए जाने के विरोध में आगराखाल के व्यापारियों ने सांकेतिक धरना देकर विरोध जताया। नाराज व्यापारियों ने जिपं अध्यक्ष सोना सजवाण के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। इस मौके पर व्यापारियों ने उद्योग व्यापार मंडल टिहरी गढ़वाल अध्यक्ष बनने पर फूल मालाओं से स्वागत भी किया।मंगलवार को आगराखाल के व्यापारियों ने प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के निंदेशानुसार, अतिक्रमण हटाओ अभियान के विरोध में सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर नाराजगी जताई। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह कंडारी ने कहा कि टिहरी गढ़वाल की व्यापार मंडल की 38 इकाइयों में धरना प्रदर्शन कर जनप्रतिनिधियो के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया है,

# टेक्नो मेला में सुदर्शन, एश्वर्या और आदित्य रहे अव्वल

श्रीनगर गढ़वाल : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) चड़ीगांव में जिला स्तरीय टेक्नो मेला आयोजित किया गया। जिसमें पांच विकासखंडों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

डिजिटल भारत, साइबर सुरक्षा और विज्ञान, तकनीकी व विकास आदि की नई सोच व नई संभावनाएं विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में पीपीटी, एनिमेशन केनवा आदि विडियो द्वारा शानदार प्रस्तुतियां दी गई। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में राइंका सेंधीखाल के सुदर्शन थपलियाल प्रथम, आउराइंका चौबट्टाखाल की शिखा द्वितीय एवं राबाइंका श्रीनगर की खुशी आर्य तृतीय रही। सब जूनियर वर्ग में राबाइंका पौड़ी की एश्वर्या नौटियाल प्रथम, राइंका सकनोलीखाल के हिमांशु द्वितीय और राइंका सेंधीखाल के अंशुमान शर्मा तृतीय रहे। जूनियर वर्ग में राइंका सेंधीखाल के आदित्य ने प्रथम, अउराइंका कण्वघाटी की सोनिया द्वितीय एवं राइंका गंगाउ की इशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले सभी प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभा करेगे। इस मौके पर कार्यक्रम समन्वयक शालिनी भट्ट और विनय किमोठी ने विशेष सहयोग दिया। वहीं गढ़वाल विवि के आईटी विभाग के डा. वरूण बर्तवाल, घुडदौडी इंजीनियरिंग कालेज के डा. जीएस रौतेला, एनआईटी श्रीनगर से डा. विवेक कुमार ने निर्णायक की भूमिका अदा की।

## अतिक्रमण तोड़ने के खिलाफ सड़कों पर उतरे व्यापारी

टिहरी : प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल उत्तराखंड के आह्वान पर जिले के व्यापारियों ने अपने-अपने कस्बों में अतिक्रमण तोड़ने के खिलाफ रैली निकाली। व्यापारियों ने विभिन्न जनप्रतिनिधी और अधिकारियों के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भी प्रेषित किया।

# शराब के डिपोर्टमेंटल स्टोर के विरोध में प्रदर्शन



ऋषिकेश। उत्तराखंड दलित विकास महासभा ने ऋषिकेश में विभिन्न स्थानों पर शराब के डिपार्टमेंटल स्टोर आवंटित किए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इन डिपार्टमेंटल स्टोरों को जल्द बंद करने की मांग उठाई। मंगलवार को उत्तराखंड दलित विकास महासभा के सदस्यों ने तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया। महासभा के अध्यक्ष नंदकिशोर जाटव ने कहा कि तीर्थनगरी ऋषिकेश धार्मिक नगरी के रूप में प्रसिद्ध है। यह साधु संतों की तपस्थली है। यहां कई प्राचीन मठ, मंदिर, धर्मशालाएं हैं, जो ऋषिकेश की पहचान हैं। लेकिन अब सरकार यहां शराब के डिपार्टमेंटल स्टोर खोलकर इसकी छवि धूमिल करने में लगी है। यह निंदनीय है। धर्मनगरी में नशे को बढ़ावा देना उचित नहीं है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जल्द ही इन स्टोरों को बंद नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने तहसीलदार के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा। प्रदर्शन करने वालों में आकाश जाटव, राहुल प्रसाद, सोमपाल कश्यप, मनमोहन, प्रिंस गुप्ता, अभिषेक, संजय, दीपक, रामदयाल, नरेंद्र बंसल, रमेश कुमार, जीतू मुखर्जी, शीशराम आदि शामिल रहे।

## भाजपाईयों ने फूंका मंत्री उदयनिधि का पुतला

श्रीनगर गढ़वाल : तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे व मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन हिन्दू धर्म के बारे में दिए गए बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कड़ा आक्रोश व्यक्त कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने स्थानीय गोला पार्क में उदयनिधि स्टालिन का पुतला भी दहन किया। इस मौके पर भाजायुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. सुधीर जोशी व भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण ने कहा कि उदयनिधि स्टालिन की हिन्दू धर्म के बारे में की गई अभद्र टिप्पणी से सनातन धर्मावलंबियों में आक्रोश व्याप्त है। जिस तरह से उदयनिधि ने विश्व के प्राचीनतम सत्य सनातन धर्म की तुलना कोरोना, डेंगू-मलेरिया जैसें रोगों से की है और कहा है कि इसका केवल विरोध न हो बल्कि इसे समाप्त किया जाए, यह दर्शाता है कि वे हिंसा करने के पक्ष में हैं और अपने बयान के माध्यम से हिंसक दंगे भड़काना चाह रहे हैं। उन्होंने उदयनिधि पर कठोर से कठोर धाराओं में मुकदमा दर्ज किए जाने और धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किए जाने और उदयनिधि को मंत्री पद से बर्खास्त किए जाने की मांग की है।

# भाजपाईयों का तमिलनाडु सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

ऋषिकेश। भाजपाइयों ने तमिलनाडु सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने तमिलनाडु सरकार के खेल मंत्री पर सनातन विरोधी बयान दिए जाने का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई। भाजपाइयों ने मंत्री को बर्खास्त कर गिरफ्तार करने की मांग की। मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ता भानियावाला चौक पर एकत्रित हुए। उन्होंने तमिलनाडु सरकार के खेल मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन किया। जिला महामंत्री राजेंद्र तड़ियाल ने कहा कि तमिलनाडु सरकार के खेल मंत्री ने सतनान धर्म के विरोध में बयानबाजी की है। उनके दिए इस बयान से पूरे देश में आक्रोश का माहौल है। उनके पिता तमिलनाडु सरकार में सीएम है और ऐसे में वोट की राजनीति के लिए इस प्रकार की बयानबाजी कर करोड़ों सनातनियों की आस्था को ठेस पहुंचाना निंदनीय है। विश्व हिंदू परिषद जिला सहमंत्री सतवीर मखलोगा



ने कहा कि खेल मंत्री उदय निधि का यह बयान इंडिया नाम से बनाए गए नए गठबंधन की सोच को दर्शाता है। उन्होंने खेल मंत्री को बर्खास्त करने और उनकी गिरफ्तारी की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र नेगी, महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती लखेड़ा, कोमल देवी, युवा मोर्चा महामंत्री हिमांशु भट्ट, मंडल महामंत्री मनमोहन नौटियाल, रविंद्र बेलवाल, सतवीर मखलोगा, हृदय राम डोभाल, सुंदर लोधी, ईश्वर रौथान, विनीत मनवाल, सुबोध नौटियाल, नितिन कोठारी, बुद्ध सिंह चौहान, मंगल रोथान, कमल सिंह राणा, गुड्डू मिश्रा, सार्थक भट्ट, राजेश चौधरी, हिमांशु राणा, मनीष यादव, प्रकाश कोठारी, मयंक तायल, प्रदीप रावत, नितिन बड़थ्वाल आदि शामिल रहे।

# ऋषिकेश—डोईवाला में अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

ऋषिकेश। ऋषिकेश और डोईवाला के अधिवक्ताओं ने वकीलों के साथ हो रही घटनाओं के विरोध में सोमवार को प्रदर्शन किया। उन्होंने हापुड़ और देहरादून में वकीलों के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों ने अधिवक्ताओं के हित के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन ऐक्ट लागू करने की मांग उठाई। मंगलवार को बार एसोसिएशन ऋषिकेश के सदस्यों ने तहसील में प्रदर्शन किया। एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सजवाण ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में अधिवक्ताओं पर आए दिन अत्याचार हो रहे हैं। हाल ही में यूपी के हापुड़ में अधिवक्ताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। देहरादून में भी पुलिस द्वारा अधिवक्ता का उत्पीड़न किए जाने का मामला सामने आया है। इन मामलों के चलते समस्त अधिवक्ताओं में आक्रोश है। यूपी सरकार को अधिवक्ताओं पर लाठी बरसाने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई करनी चाहिए। वहीं देहरादून में अधिवक्ता के उत्पीड़न मामले पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने तहसीलदार चमन सिंह के माध्यम से उत्तराखंड के सीएम और यूपी के सीएम को ज्ञापन भेज अधिवक्ताओं के हित के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन ऐक्ट लागू करने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में महासचिव नरेश कुमार शर्मा, लक्ष्मी प्रसाद सेमवाल, लाल सिंह मटेला, सुनील पयाल, आरती मित्तल, मोहित शर्मा, शीशराम कंसवाल, जय सिंह रावत, पीडी त्यागी, ओंकार चौधरी, खुशहाल सिंह कलूड़ा, दीपक लोहानी, प्रदीप वर्मा, अजय कथूरिया, रविंद्र बिष्ट, अनिल सक्सेना, देवेंद्र कुलियाल, संदीप पयाल, भूपेंद्र कुकरेती, कपिल शर्मा, पुष्कर बंगवाल, राकेश पारछा, विशाल अग्रवाल, सुमा रानी पाल, नीतू बडोला, मीनू गोयल, राज कौशिक, अजय वर्मा, शैलेंद्र सेमवाल, अभिनव मलिक, नवीन रावत, चंद्र बल्लभ आदि शामिल रहे। उधर, डोईवाला में परवादून बार एसोसिएशन डोईवाला ने तहसील परिसर में प्रदर्शन किया और धरना दिया। अधिवक्ताओं ने यूपी के हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज और देहरादून में अधिवक्ता के उत्पीड़न मामले को लेकर आक्रोश जताया। उन्होंने डोईवाला तहसीलदार सोहन सिंह रांगड़ के माध्यम यूपी के सीएम को ज्ञापन भेजा और अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। वहीं अधिवक्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन देकर देहरादून में पुलिस कर्मियों द्वारा अधिवक्ता के उत्पीड़न के मामले में कार्रवाई की मांग उठाई।

प्रदर्शन करने वालों में परवादून बार एसोसिएशन के अध्यक्ष फूल सिंह वर्मा, सचिव मनोहर सैनी, उपाध्यक्ष सुशील कुमार वर्मा, सह सचिव अशरफ अली, संदीप जोशी, मनीष यादव, साकिर हुसैन, अरुण कुमार, रण बहादुर, भव्य चमोला, मनीष धीमान, मोइन अहमद, तबस्सुम सलीम आदि मौजूद रहे।

## छात्रों को दी संतुलित भोजन करने की सलाह

**श्रीनगर गढ़वाल** : राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के रूरल हेल्थ ट्रैनिंग सेंटर के सहयोग से राइंका कीर्तिनगर में पोषण जागरूकता कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वस्थता के बारे में जानकारी दी गई। इसके अंतर्गत विकास की विभिन्न अवस्थाओं में बच्चे की पोषण संबंधी आवश्यकताओं, बच्चों के लिए संतुलित भोजन की योजना, बच्चों में खान-पान की आदतों, बच्चों की स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित समस्याओं की पहचान करने और रोग प्रतिरक्षण कार्यक्रम के बारे में बताया गया।

# धूमधाम से मनाया गया पछुवादून के स्कूलों में जन्माष्टमी का त्योहार

विकासनगर। जौनसार बावर से लेकर पछवादून तक मंगलवार को स्कूल संस्थानों में श्रीकृष्ण जन्माष्टी बड़ी धूमधाम से मनाई गई। एसएसजी स्कूल भीमवाला में नन्हें-मुन्नें बच्चों ने कृष्ण और राधा की वेशभूषा धारण कर सबका मन मोह लिया। सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल नई यमुना कॉलोनी डाकपत्थर में जन्माष्टी के पर्व पर छोटे-छोटे गैया, छोटे-छोटे ग्वाल गीत गाकर मन मोहा तो द एनफिल्ड स्कूल मे छात्र-छात्राओं ने कृष्णा व राधा के वेशभूषा धारण कर कृष्ण बाल लीलाएं दिखा कर सुंदर प्रस्तुति दी गई। एसएसजी स्कूल भीमावाला में जन्माष्टमी उत्सव पर नन्हें-मुन्ने बच्चों ने श्रीकृष्ण, राधा, की वेशभूषा में कार्यक्रम में भाग लिया और बच्चों ने मैया यशोदा, नंद गोपाल, गानों पर प्रस्तुति दी। बच्चे कृष्ण और राधा के वेशभूषा मे इतने प्यारे लग रहे थे कि मानों कृष्ण और राधा स्वयंम ही बाल स्वरूप में प्रकट हो गए हो। इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्य नीरू सोनी, फ्लोमीणा, अमरजीत, वर्षा, रवीना, सुनीता, रुचि ,आदि मौजूद रहे। मंगलवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई यमुना कॉलोनी डाकपत्थर में भी जन्माष्टमी का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुसूया प्रसाद जखमोला द्वारा मां शारदे के समक्ष पुष्प अर्पण कर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य विशेषता यह रही कि कक्षा एलकेजी से कक्षा पंचम तक के समस्त छात्र-छात्राएं राधा और कृष्ण बनकर विद्यालय आए।

छात्र-छात्राओं ने जन्माष्टमी के संदर्भ में कई प्रकार के गीत और भजन भी गाए।

## आठ सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित

चमोली : श्री रामचन्द्र भट्ट सरस्वती विद्या मन्दिर इन्टर कालेज गोपेश्वर में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर सीडीओ डॉ. ललित नारायण मिश्र ने किया। कार्यक्रम में गोपेश्वर नगर के आठ अवकाश प्राप्त शिक्षकों को उत्कृष्ट शिक्षकह्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र ने कहा कि शिक्षक समाज का निर्माता होता है। यह सिद्धांत पूर्व राष्ट्रपति राधाकृष्णन ने दिखाया है उनके जन्मदिवस पर हमें उनके पदचिह्नों पर चलने की आवश्यकता है। इस अवसर पर मेधावी छात्रों को स्व. अरुणाभट्ट मैमोरियल छात्र वृत्ति सम्मानित किया गया। विद्यालय के 15 छात्रों को कमला पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबन्ध समिति द्वारा सम्मानित होने वाले शिक्षकों में टीकाराम पुरोहित, जेपी जोशी, आरपी पत, विजय, विमला सेलवान, विशेश्वरी पर्खाल, वीरपाल सिंह रावत रहे। इस अवसर सत्यप्रसाद मैठाणी, बुद्धि सिंह असवाल, जयन्ती प्रसाद जोशी, गिरीश मैठाणी, विद्यालय के प्रधानाचार्य हिम्मत सिंह चौहान सहित सभी शिक्षक अभिभावक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। (एजेंसी)

## शिक्षकों से बेहतर कार्य करने की अपील

चमोली : खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बेहतर काम करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्राथमिक स्तर पर राजबाला कोठियाल, पार्वती राज, संगीता बहुगुणा, सुरेंद्र चौहान, मान सिंह रावत, रणबीर चौधरी को सम्मानित किया गया। जबकि माध्यमिक स्तर पर रघुवीर वैष्णव, राजवीर नेगी, दीपा नौटियाल और कमला कुनियाल को सम्मानित किया गया।

# बच्चों को कुपोषण मुक्त रखने हेतु किया प्रेरित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को विकासखंड अगस्त्यमुनि के टैंठी गांव में बाल विकास परियोजना द्वारा राष्ट्रीय पोषण मिशन के अंतर्गत पोषण माह के तहत विभागीय स्टॉल लगाया गया। इस दौरान उपस्थित आम जनमानस को पोषण, स्वास्थ्य एवं संचालित विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अभिभावकों की काउंसलिंग करते हुए बच्चों को कुपोषण मुक्त रखने, मोटे अनाज, हरी सब्जियां इत्यादि का सेवन करने हेतु प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में बाल विकास विभाग द्वारा चिकित्सकों व एएनएम की उपस्थिति में स्वस्थ बालक-बालिका प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें 16 बच्चों ने प्रतिभाग किया। वहीं चिकित्सकों द्वारा उपस्थित बच्चों की स्वास्थ्य व उनके मातृ शिशु



प्रतिरक्षण कार्ड में नियमित टीकाकरण की जांच की गई। प्रतियोगिता में टैंठी गांव की अवनी पहले स्थान पर रही। इसके अलावा दूसरे स्थान पर टैंठी गांव की ही सृष्टि, तीसरे स्थान पर सुराड़ी की सलोनी तथा चौथे स्थान पर जुंटई के मास्टर मयंक रहे। इन बच्चों को विभाग की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अखिलेश मिश्रा, बाल विकास परियोजना अधिकारी शैली प्रजापति, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमल गुसांई, सुपरवाईजर सुमनलता, पुष्पा खत्री, जिला समन्वयक चाणक्य कपरूवाण, ब्लॉक समन्वयक पवन आर्य सहित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां व स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

G20 उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
मण्डार की आपूर्ति हेतु आमंत्रित निविदा इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे मुरादाबाद-244001 द्वारा आवेदनकर्ताओं से निम्नलिखित मद के लिए इलेक्ट्रॉनिक निविदा प्रणाली के अन्तर्गत भण्डार की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र सं | निविदा संख्या | माल का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|---|
| 01 | 97232088 | [illegible] RK, NBD, MB, HPU, BE, CH, SPN, HR. | 20 Nos. |

बयाना राशि 86400/- अनुमानित मूल्य रू. 4320000/-
निविदा खुलने की तिथि 22.09.2023
नोट:- पूर्ण विवरण एवं निविदा शर्तें वेब साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। [illegible]
पत्र सं.: 59-S/LP/2023 दिनांक 04.09.2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2752/23

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
ई-निविदा विस्तार सूचना
विद्युत वितरण खण्ड, नैनीताल से आमंत्रित ई-निविदा सं0 06/EDDN/22-23 के निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि अपरिहार्य कारणवश 08.09.2023 को 17.00 बजे तक बढ़ाई जाती है तथा ई-निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की तिथि 11.09.2023 को 12.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी एवं ई-निविदा प्रपत्र आनलाइन और ऑफलाइन निविदा भाग एक खुलने की तिथि 11.09.2023 को समय 16.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्तें पूर्ववत है।
अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीताल
विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें "राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

# देवरियाताल महोत्सव में आकर्षण का केंद्र रहेंगी देव डोलियां

रूद्रप्रयाग : श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर देवरियाताल विकास महोत्सव समिति द्वारा विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा। देवरिया महोत्सव के मौके पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों के साथ ही अनेक जगहों से भक्त देवरियाताल पहुंचेंगे। मेला समिति द्वारा तैयारियां जोरों पर की जा रही है।

देवरियाताल में 7 सितम्बर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेला आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर सांस्कृतिक एवं पारम्परिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। साथ ही महिला मंगल दलों द्वारा लोक नृत्य एवं लोक गायनों का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। मेले में लोक गायक प्रीतम भरतवाण की शानदार प्रस्तुतियां होंगी, जबकि देव डोलियां आकर्षण का केंद्र होगी। मेले का आयोजन मेला समिति शासन-प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से किया जाएगा। यह मेला नाग राजा द्वारा निर्मित देवरियाताल विकास खण्ड ऊखीमठ जनपद रुद्रप्रयाग में प्राचीन काल से स्थानीय लोगों के सहयोग से किया जाता है। जिसमें ग्राम तुंगनाथ घाटी, ऊखीमठ (पंचगई) एवं मद्महेश्वर घाटी से श्रीकृष्ण भगवान की उत्सव डोलियों की झांकियां विशाल जन सैलाब के साथ देवरियाताल तक पहुंचाई जाएगी। देवरियाताल विकास महोत्सव समिति ने बताया कि महोत्सव में बदरी-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय मुख्य अतिथि होंगे, जबकि अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक आशा नौटियाल, पूर्व विधायक मनोज रावत होंगे। विशिष्ट अतिथि में जिपं उपाध्यक्ष सुमंत तिवारी, बीकेटीसी के उपाध्यक्ष किशोर पंवार, नपं ऊखीमठ के अध्यक्ष विजय राणा, जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केदारनाथ विधायक शैलारानी रावत एवं मेलाधिकारी ऊखीमठ जितेंद्र वर्मा करेंगे।

## शिक्षक दिवस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

रूद्रप्रयाग : शिक्षक दिवस के अवसर पर स्वामी प्रणवानंद विद्यालय भारत सेवा ऊखीमठ में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव भट्ट ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर शिक्षकों व छात्र-छात्राओं द्वारा पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गयी,

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम ANSHUMI BHADULA भलूवश दर्ज हो गया है। जबकि उसका सही व वास्तविक नाम MUDRIKA BHADULA है। अतः मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका सही व वास्तविक नाम MUDRIKA BHADULA दर्ज कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए।

**प्रदीप भदूला निवासी पदमपुर सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

G20 उत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग : | Electrical (TRD) |
| टेंडर न. : | T-16-TRD-MB-23-24 |
| कार्य का नाम : | टीआरडी कार्य अर्थात "ईआई के संबंध में बाराबाद वार्ड की रीमॉडलिंग" |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय : | 25.09.2023, 15:00 Hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹): | Rs. 84,76,152.67/- (including GST) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (₹): | Rs. 1,69,500/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य (₹): | Nil |
| ऑफर की वैधता (दिन): | 90 days |
| कार्य पूरा करने की अवधि: | 09 Months |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद |

निविदा सूचना सं०: Elect/TRD/MB/2023-24/TN-19 दिनांक 02.09.2023 2743/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सम्पादकीय

# सरकारी तंत्र पर भारी डेंगू

हर मानसून की समाप्ति के दौरान स्वास्थ्य विभाग को यहां मालूम रहता है कि डेंगू सक्रिय होगा। यही नहीं नगर निगम के कैलेंडर में भी डेंगू एवं वायरल बुखार बर्ड फ्लू का समय तय होना चाहिए, लेकिन यह दोनों ही विभाग भविष्य की अनुमानित बीमारियों को लेकर या तो अनभिज्ञ है या फिर इन बीमारियों को गंभीरता से लेते ही नहीं। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून डेंगू की चपेट में है और सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्थाएं ताश के पत्तों की तरह बहती हुई नजर आने लगी है। जिला प्रशासन के दावे और हकीकत में जमीन आसमान का अंतर है। जहां विभाग एक तरफ सब कुछ नियंत्रण में बताता है तो वहीं अस्पतालों की स्थितियां यह बताने के लिए काफी है कि नियंत्रण में कुछ भी नहीं है। स्वास्थ्य सेवाओं की किरकिरी होने के बाद तुरंत सूरत में नियंत्रण कब से बनाए गए हैं लेकिन इन व्यवस्थाओं का लाभ तो तभी होगा जब बुनियादी प्रबंध पहले से ही चल चौबंद किए गए हो। हालत यह हो गई है कि सरकारी अस्पतालों में बेड की समुचित व्यवस्था ना होने के कारण मरीजों को मजबूरन निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है जहां डेंगू का इलाज सरकारी अस्पतालों की अपेक्षा बेहद महंगा पड़ रहा है। जांच से लेकर डोनर प्लेटलेट्स के लिए व्यवस्था करना सरकारी अस्पतालों में एक बड़ी महाभारत साबित हो रही है। सरकारी अस्पतालों में भी डेंगू मरीजों को सिंगल डोनर प्लेटलेट्स के लिए नौ हजार रुपये देने पड़ रहे हैं। जबकि निजी अस्पतालों में मरीजों से बारह हजार रुपये की राशि ली जा रही है। डेंगू के मामले बढ़ने से सिंगल डोनर प्लेटलेट्स की मांग बढ़ रही है। इस पूरे उपचार में एक राहत की बात यही है कि आयुष्मान कार्ड पर भर्ती मरीजों के लिए निशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है लेकिन निजी अस्पतालों में जेब खाली करना एक मजबूरी बन गया है। जिला प्रशासन की ओर से प्लेटलेट्स की व्यवस्था करने की कुछ कोशिश की गई है लेकिन डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ाने के आगे यह व्यवस्थाएं भी अब वह नहीं साबित होने लगी हैं। जहां सरकार एक तरफ डेंगू को नियंत्रण में बताने की बात कर रही है तो वहीं दूसरी ओर विपक्ष ने डेंगू पर सरकारी व्यवस्थाओं को निशाने पर लिया है। डेंगू के बुखार के दौरान सबसे बड़ी समस्या मरीज की प्लेटलेट्स गिरने की है जिसका एकमात्र उपाय स्थिति बिगड़ने पर प्लेटलेट्स चढ़ता ही रह जाता है। डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ाने के साथ ही प्लेटलेट्स की मांग भी बढ़ने लगी है। डेंगू के इलाज के लिए सबसे कारगर उपचार प्लेटलेट्स की संख्या को बढ़ाना ही है और इसके लिए यह जरूरी है कि ऐसे रक्तदाता उपलब्ध हो जो और वक्त पर मदद के लिए आगे आए। रक्त से प्लेटलेट्स को अलग करना और उसे एक किट की तरह तैयार करना एक जटिल प्रक्रिया होने के साथ–साथ महंगा भी है। सिंगल डोनर से प्लेटलेट्स का जंबो पैक बनाने के लिए किट का इस्तेमाल किया जाता है। विभाग को भी फिलहाल तापमान में गिरावट की प्रतीक्षा है और यह तभी संभव है जब थोड़ी बारिश और हो जाए। तापमान गिरेगा तो डेंगू के मरीजों में भी कमी आएगी, हालांकि केवल मौसम के भरोसे डेंगू पर नियंत्रण पाना हास्यपद ही साबित होगा लिहाजा यह जरूरी है कि सरकार अस्पतालों में व्यापक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के साथ–साथ ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स की भी समुचित तैयारी रखें। एक भी मरीज यदि डेंगू के कारण अपनी जान से हाथ धोता है तो यह सीधे तौर पर सरकारी व्यवस्थाओं की ही कमी कहलाई जाएगी। वर्तमान हालातो में डेंगू फिलहाल थमता हुआ नजर नहीं आ रहा है। इन परिस्थितियों मे मरीजों को प्लेटलेट्स उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती होगी। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि हर संभव सुविधा एवं उपचार सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध हो लेकिन अक्सर देखा गया है कि मरीजों की संख्या बढ़ाने के साथ सरकारी व्यवस्थाएं भी ताश के पत्तों की तरह ढाई जाती हैं। डेंगू में भी फिलहाल यही नजर आ रहा है सरकारी तंत्र डेंगू पर नियंत्रण करने में नाकाम नजर आ रहा है लिहाजा जान बचाने के लिए मोटा भुगतान कर निजी अस्पतालों की शरण में जाने के अलावा और कोई समाधान नजर भी नहीं आता है।

# तो मिसाल पेश कीजिए!

राष्ट्रपति का पद दलगत राजनीति से ऊपर माना जाता है। अवकाशप्राप्त राष्ट्रपति का भी सार्वजनिक जीवन में एक सम्मानित स्थान होता है। उन्हें एक ऐसी समिति से जोड़ना, जिसकी सिफारिशें विवादास्पद भी हो सकती हैं, इस पद के लिए अपमानजनक माना जाएगा।

वन नेशन– वन इलेक्शन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुराना नारा रहा है। इसके पीछे उनकी जो सोच है, उसको लेकर बेश-क कई सवाल उठाए जा सकते हैं। लेकिन अगर उन प्रश्नों को फिलहाल छोड़ दें कर हम उनकी सरकार की ताजा पहल के औचित्य पर बात करते हैं। यह सुनकर हैरत हुई एक साथ लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव की संभाव्यता का पता लगाने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में समिति बनाई गई है। इसके पहले ऐसा कभी नहीं सुना गया कि अवकाशप्राप्त राष्ट्रपति को किसी सरकार ने ऐसी समिति से जोड़ा हो, जो अंततः उसके प्रति उत्तरदायी होगी। राष्ट्रपति का पद दलगत राजनीति से ऊपर माना जाता है और अवकाशप्राप्त राष्ट्रपति का भी सार्वजनिक जीवन में एक सम्मानित स्थान होता है। उन्हें एक ऐसी समिति से जोडना, जिसकी सिफारिशें विवादास्पद भी हो सकती हैं, न सिर्फ उस व्यक्ति बल्कि इस पद के लिए भी अपमानजनक माना जाएगा। बहरहाल, सरकार यह चाहती है कि सारे चुनाव एक साथ हों।

फिलहाल, जितना समय लोकसभा चुनाव में बचा है, उसे देखते हुए यह व्यावहारिक नहीं लगता। लेकिन इस सोच को अधिकतम संभव बनाने के लिए भाजपा एक काम कर सकती है। वह अपनी तमाम राज्य सरकारों को निर्देश दे सकती है कि वे तुरंत विधानसभाएं भंग करवा लें। उससे अधिकांश राज्यों में लोकसभा के साथ–साथ विधानसभा चुनाव होने का रास्ता भी साफ हो जाएगा। जब एक बार यह हो जाएगा, तो धीरे–धीरे अगले चुनाव कार्यक्रमों को इस तरह ढाला जा सकता है, जिससे पांच साल में प्रधानमंत्री का यह नारा विपक्षी सरकारों से बिना जोर–जबरदस्ती किए एक हकीकत बन जाएगा। हालांकि उसके बाद भी यह सवाल बना रहेगा कि अगर फिर बीच में कोई सरकार गिरी और वहां नई सरकार बनना संभव नहीं हुआ तो क्या होगा? या अगर कभी लोकसभा के ही मध्यावधि चुनाव की नौबत आ गई, तो उस हाल में क्या सिद्धांत अपनाया जाएगा? मगर ये भविष्य के प्रश्न हैं। फिलहाल, भाजपा अपने शासन वाले राज्यों में तुरंत चुनाव करवा कर एक मिसाल जरूर कायम कर सकती है। उसके ऐसे कदम से प्रधानमंत्री के नारे की नैतिक और राजनीतिक साख भी मजबूत होगी।

## गर्दन और कंधे के दर्द होने का रखा है परेशान, तो इन 4 एक्सरसाइजेज से मिलेगा आराम

अक्सर गलत पोस्चर में रहने और ज्यादा कामकाज के चलते गर्दन और कंधे में दर्द और अकडन् की समस्या हो जाती है. वैसे भी कोरोना काल के बाद वर्क फ्रॉम होम का कल्चर पनपा है और लंबे समय तक बिस्तर पर बैठकर काम करने लगे हैं. ऐसे में ज्यादा सिटिंग वर्क और् गलत मुद्रा के चलते गर्दन और कंधे जकड़ जाते हैं. इससे गर्दन में दर्द बना रहता है और् कई बार दर्द के चलते कंधों में सूजन भी आ जाती है. यूं तो दवा से कुछ देर के लिए दर्द और अकडन् से निजात पाई जा सकती है लेकिन अगर आप कुछ खास एक्सरसाइज फॉलो करें तो कंधे और् गर्दन के दर्द से लंबे समय तक राहत पा सकते हैं. चलिए जानते हैं कि गर्दन और कंधे के दर्द से राहत पाने में कौन कौन सी आसान एक्सरसाइज आपको फायदा करेंगी.

# बांग्लादेश कही पटरी से नीचे न उतर जाए!

**शेख हसीना सत्ता पर अपना हक समझती हैं। उनका अरमान मरते दम तक गद्दी पर काबिज़ रहने का है। उनके पिता शेख मुजीबुर रहमान, जो बांग्लादेश के पहले प्रधानमंत्री थे, अपने प्रायः सभी नजदीकी रिश्तेदारों के साथ सन् 1975 में हुए सैन्य तख्तापलट में मारे गए थे। एक साक्षात्कार में जब हसीना से न्यायपालिका के जरिए विपक्ष को प्रताड़ित किए जाने के आरोपों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वे जो कर रही हैं "वह राजनीतिक नहीं है" ।यह कहते हुए उन्होंने अपने सहायक को भेजकर एक फोटो एलबम बुलवाया। इस एलबम में आगजनी, बम विस्फोटों और अन्य हिंसक घटनाओं में मारे गए लोगों की क्षत–विक्षत लाशों की भयावह तस्वीरें थीं। इन तस्वीरों की तरफ इशारा करते हुए उन्होंने उन्हें बीएनपी की निर्दयता का नमूना बताया। उन्होंने कहा, "उनके (बीएनपी) साथ जो हो रहा है वह उनके पापों का नतीजा है। शुरुआत उन्होंने की है" ।उन्होंने दावा किया कि जब बीएनपी सत्ता में थी तब उसने उनकी पार्टी के साथ ऐसा ही सलूक किया था।**

**श्रुति व्यास**

जहाँ तक हालिया वर्षों में हुई आर्थिक तरक्की का सवाल है, बांग्लादेश की कोई सानी नहीं है। हालिया विकास यात्रा अद्भुत और बेहतरीन है। सन् 1971 में तीसरे भारत–पाकिस्तान युद्ध से जन्में बांग्लादेश को हैनरी किसिंजर ने "द बास्केट केस" (एकदम घटिया) बताया था। बांग्लादेश के बारे में तब माना गया कि वह एक नाकाम मुल्क बनकर रह जाएगा। मगर इस धारणा को झुठलाते हुए बांग्लादेश ने एक धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र, कम संसाधनों के साथ सामाजिक विकास के मॉडल और दक्षिण एशिया का सबसे तेज आर्थिक विकास दर वाला देश बनकर दिखाया है।

इस शानदार सफ़र का श्रेय देश की लौह महिला मानी जाने वाली शेख हसीना को है। उनके दो दशकों के राज में 17 करोड़ की आबादी वाले इस देश ने 7 प्रतिशत प्रति वर्ष की जीडीपी वृद्धि दर के साथ गरीबी हटाने की दिशा में देखने लायक प्रगति की। पचहत्तर साल की शेख हसीना के नेतृत्व में उनकी आवामी लीग पार्टी ने लगातार तीन चुनाव जीते है। उन्हें पूरा भरोसा है कि 2024 के शुरू में होने वाले अगले चुनाव में भी उनकी जीत होगी।

लेकिन बांग्लादेश की जनता का मूड कुछ और ही इशारा कर रहा है। पर्दे के पीछे शेख हसीना राजनैतिक जमावट का ऐसा अभियान चला रही हैं जिसका लक्ष्य विपक्षी नेताओं, विश्लेषकों और कार्यकर्ताओं के अनुसार, आने वाले चुनाव में इस दक्षिण एशियाई गणतंत्र का एक पार्टी वाले देश में कनवर्ट होना है। अपने 14 साल के कार्यकाल में हसीना ने अपने वफादारों को नियुक्त करके देश की प्रमुख संस्थाओं जैसे पुलिस, सेना और अदालतों पर अपना कंट्रोल स्थापित कर लिया है। मैसेज एकदम साफ़ हैः जो उनका विरोध करेगा उसके नतीजे अच्छे नहीं होंगे।

ऐसा लगता है कि शेख हसीना को उनका विरोध करने वाले और उनसे बेहतर नजर आने वाले बर्दाश्त नहीं होते। इसलिए विभिन्न संस्थाओं में हस्तक्षेप कर उन्हें इस प्रकार चलाया जा रहा है कि असहमति को कुचल दिया जाए। उन्होंने अपने राजनैतिक विरोधियों के खिलाफ बदले की कार्यवाही की है। वे किसी को भी नहीं बख्शतीं। यहां तक कि 2006 के नोबेल पुरस्कार विजेता मोहमम्द यूनुस को भी नहीं, जिनके ज़मीनी स्तर पर विकास कार्यों से देश मज़बूत बना और आर्थिक, सामाजिक व स्वास्थ्य के क्षेत्रों में उसकी स्थिति बेहतर हुई। हसीना अपने चुनावी भाषणों में यूनुस पर तीखे हमले



कर रही हैं। उन्होंने युनुस को भ्रष्ट, गरीबों का खून चूसने वाला और राष्ट्र–विरोधी बताया है। कहा है कि वे बंगाल की खाड़ी पर अमेरिका का नियंत्रण स्थापित करने में मदद कर रहे हैं।

इस बीच विपक्षी बीएनपी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी झ के 800 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है। विपक्षी दल का दावा है कि सन् 2009 से लेकर अब तक उसके नेताओं और समर्थकों के खिलाफ 40 लाख से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। लगभग प्रतिदिन विपक्षी दलों के नेताओं, सदस्यों और समर्थकों को अदालतों में हाजिरी लगानी होती है। उन्हें अस्पष्ट आरोपों और झूठे सबूतों का सामना करना पड़ता है। ह्यूमन राईट्स वॉच ने इसे विपक्ष पर 'सुनियोजित हमला' बताया है। बीएनपी की एक रैली में उसके कार्यकर्ताओं को आंसू गैस और रबर की गोलियों का सामना करना पड़ा।

शेख हसीना सत्ता पर अपना हक समझती हैं। उनका अरमान मरते दम तक गद्दी पर काबिज़ रहने का है। उनके पिता शेख मुजीबुर रहमान, जो बांग्लादेश के पहले प्रधानमंत्री थे, अपने प्रायः सभी नजदीकी रिश्तेदारों के साथ सन् 1975 में हुए सैन्य तख्तापलट में मारे गए थे। एक साक्षात्कार में जब हसीना से न्यायपालिका के जरिए विपक्ष को प्रताड़ित किए जाने के आरोपों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वे जो कर रही हैं "वह राजनीतिक नहीं है" ।यह कहते हुए उन्होंने अपने सहायक को भेजकर एक फोटो एलबम बुलवाया। इस एलबम में आगजनी, बम विस्फोटों और अन्य हिंसक घटनाओं में मारे गए लोगों की क्षत–विक्षत लाशों की भयावह तस्वीरें थीं। इन तस्वीरों की तरफ इशारा करते हुए उन्होंने उन्हें बीएनपी की निर्दयता का नमूना बताया। उन्होंने कहा, "उनके (बीएनपी) साथ जो हो रहा है वह उनके पापों का नतीजा है। शुरुआत उन्होंने की है" ।उन्होंने दावा किया कि जब बीएनपी सत्ता में थी तब उसने उनकी पार्टी के साथ ऐसा ही सलूक किया था। उसके हजारों समर्थकों की हत्या की और उन्हें जेलों में ठूंसा।

बांग्लादेश में दो महिलाओं का टकराव जारी है –शेख हसीना और बीएनपी की नेता 77 वर्षीय खालिदा जिया जो देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री हैं। दोनों महिलाओं ने अपने नजदीकी लोगों को तख्तापलट और हत्याकांडों में खोया, और तबसे सत्ता हासिल करने की इन दोनों की लड़ाई के इर्दगिर्द ही बांग्लादेश का लोकतंत्र सिमट गया है।

शेख हसीना का दावा है कि जिया के राज की वजह से ही देश में सैन्य तानाशाही आई, वहीं बीएनपी के नेताओं का कहना है कि उन्होंने ही देश में बहुदलीय लोकतंत्र को फिर से स्थापित किया जबकि हसीना के पिता ने देश में एक दलीय प्रणाली लागू करने की घोषणा कर दी थी।

इस सारी तू–तू मैं–मैं और जैसे को तैसा के बीच राजनैतिक उथल–पुथल के कारण बांग्लादेश की विकास यात्रा में रूकावट आ रही है। महामारी और यूक्रेन–रूस युद्ध के कारण टेक्सटाइल उद्योग और विदेशों में काम कर रहे बांग्लादेशियां द्वारा भेजे जाने वाले पैसे पर काफी हद तक निर्भर बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था डावांडोल है। ईधन और खाद्यान्न के आयात पर होने वाला खर्च बढ़ता जा रहा है। देश में विदेशी मुद्रा की कमी होती जा रही है, जिसके चलते इस साल जनवरी में बांग्लादेश को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से 4.7 अरब डालर का कर्ज़ लेना पड़ा। यदि शेख हसीना स्वतंत्र चुनाव होने देती हैं तो भी शायद वे जीत जाएं क्योंकि विपक्ष बहुत कमजोर हो गया है। लेकिन वे यह खतरा मोल नहीं लेंगीं क्योंकि उन्हें नहीं लगता कि मनमानी करने में कोई समस्या है। जहां तक पश्चिमी देशों और अन्यों का सवाल है, उनमें से अधिकांश उनके दमनकारी रवैये पर चुप्पी साधे हुए हैं। इसका एक कारण तो यह है की चीन उन्हें साधने की जुगत में है। लेकिन यदि मोहम्मद युनुस झ जिन्हें पश्चिम संत का दर्जा देता है झ को गिरफ्तार किया जाता है तो पूरी दुनिया में उनकी थू–थू होना तय है। फिलहाल बांग्लादेश का लोकतंत्र छिन्न–भिन्न है। वह तेजी से आगे बढ़ रहा था। मगर अब उसकी दिशा पलट गई है और वह किसिंजर की भविष्यवाणी के अनुसार 'बास्केट केस' बनने की ओर अग्रसर है।

# विशेष सत्र क्या चुनावी इवेंट?

**हरिशंकर व्यास**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की भाजपा का अर्थ हैं इवेंट क्रिएट पार्टी? सूखे तालाब की भी भरेपूरे बांध की झांकी बना डालना। हर मौके, बड़ी घटना को इवेंट में बदल देने का नाम भाजपा। प्रधानमंत्री विदेश जाते हैं तो उसे इवेंट बनाया जाता है। एयरपोर्ट के बाहर प्रवासी भारतीयों से नारे लगवाए जाते हैं। प्रधानमंत्री विदेश से लौटते हैं तो हवाईअड्डे पर हजारों लोगों को लेकर जेपी नड्डा इवेंट क्रिएट करते हैं। चंद्रयान–दो पूरी तरह से सफल नहीं हुआ तब भी इसरो के वैज्ञानिकों के आंसू पोंछने का इवेंट हुआ तो चंद्रयान–तीन की सफलता पर खुशी के आंसू बहाने का इवेंट हुआ। तभी जी–20 की बैठक महा इवेंट है। इसलिए इसकी शान में लगता है कि 18 से 22 सितंबर का विशेष सत्र भी एक इवेंट होगा। इसके आगे भी एक के बाद एक इवेंट। ताकि लोकसभा चुनाव तक लगातार इवेंट्स को देख जनता गद्गद भाव सोचे कि नरेंद्र मोदी के अलावा दूसरा है कौन?

यह संभवतः पहली बार है कि संसद के विशेष सत्र को बुलाने की घोषणा हुई लेकिन एजेंडा नहीं बताया गया। पहले भी संसद के विशेष सत्र होते रहे हैं। भारत छोड़ो आंदोलन के 50 साल पूरे होने पर, संविधान के 70 साल होने पर या जीएसटी लागू करने पर विशेष सत्र बुलाया गया था। लेकिन तब सबको विशेष सत्र का एजेंडा पहले से पता था। इस बार संसदीय कार्य मंत्री ने सिर्फ इतना कहा है कि पांच दिन का विशेष सत्र होगा और अमृतकाल में सार्थक चर्चा की उम्मीद है। अमृतकाल में सार्थक चर्चा का क्या मतलब निकाला जाए? अभी 11 अगस्त को संसद का मानसून सत्र खत्म हुआ। पर उसमें तो कोई सार्थक चर्चा नहीं हुई! मणिपुर जैसे ज्वलंत मुद्दे पर प्रधानमंत्री का बयान कराने के लिए विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव लाना पड़ा था। मतलब मानसून सत्र की 17 बैठकों में जब सार्थक चर्चा नहीं हुई तो पांच बैठकों में क्या सार्थक करना है?

सार्थक चर्चा के नाम पर बुलाई गई विशेष बैठक को लेकर सबके अपने अपने अनुमान हैं। लेकिन सबसे सटीक अनुमान यही है कि सरकार को इवेंट क्रिएट करना है। प्रधानमंत्री ने लाल किले से 2047 तक विकसित भारत और उसके बाद एक हजार साल के भव्य भारत की घोषणा की हुई है। सो भव्य भारत पर चर्चा कराई जा सकती है। इसका एक मकसद घरेलू और वैश्विक उपलब्धियों का डंका बजाना है। जी–20 की सफलता और चंद्रयान–तीन की सफलता को लेकर प्रधानमंत्री की जय–जयकार करनी है। उनको विश्वगुरू, विश्वमित्र या विश्वपिता की उपाधि से सम्मानित करना है। चूंकि नवंबर में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं इसलिए उससे पहले ऐसा इवेंट करना है, जिसकी गूंज इन पांचों राज्यों में सुनाई दे। ध्यान रहे नवंबर के अंत तक इन राज्यों के चुनाव चलेंगे इसलिए संभव है कि संसद का शीतकालीन सत्र देरी से हो। पिछले साल भी गुजरात और



**प्रधानमंत्री ने इसरो में महिला शक्ति को नमन किया तो रक्षाबंधन के मौके पर बहनों को तोहफा देने के लिए रसोई गैस सिलिंडर पर दो सौ रुपए की कमी की गई। मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान लाड़ली बहन योजना चला रहे हैं तो पिछले दिनों कर्नाटक में कांग्रेस ने गृह लक्ष्मी योजना शुरू की। संसद का विशेष सत्र ऐसे समय में हो रहा है, जब देश के बड़े हिस्से में गौरी–गणेश की पूजा होती है। सो, महिला बिल एक दांव हो सकता है। कांग्रेस ने इस बिल को लोकसभा में पास कराया था। राज्यसभा में वह अटका। सरकार ने सदन में इसे पास कराया तो स्वभाविक को कांग्रेस को समर्थन करना होगा जबकि महिला आरक्षण विरोधी मंडलवादी याकि लालू, नीतिश, अखिलेश जैसी पार्टियां विरोध करेगी।**

हिमाचल प्रदेश के चुनाव की वजह से संसद का शीतकालीन सत्र सात दिसंबर को शुरू हुआ था। इस साल तो पांच राज्यों के चुनाव हो रहे हैं इसलिए शीतकालीन सत्र में देरी स्वाभाविक होगी। उससे पहले विशेष सत्र बुला कर उपलब्धियों का गौरवगान एक चुनावी रणनीति हो सकती है।

चूंकि सरकार ने एजेंडा नहीं बताया है इसलिए अटकले है। अगर अटकलों की बात करें तो कोई बड़ा विधायी काम हो सकता है। सरकार कोई ऐसा बिल ला सकती है, जो पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव और अगले साल के लोकसभा चुनाव के लिए मास्टरस्ट्रोक की तरह हो। मिसाल के तौर पर महिला आरक्षण विधेयक हो सकता है। पिछले कुछ समय से सारे फैसले महिलाओं को लेकर किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने इसरो में महिला शक्ति को नमन किया तो रक्षाबंधन के मौके पर बहनों को तोहफा देने के लिए रसोई गैस सिलिंडर पर दो सौ रुपए की कमी की गई। मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान लाड़ली बहन योजना चला रहे हैं तो पिछले दिनों कर्नाटक में कांग्रेस ने गृह लक्ष्मी योजना शुरू की। संसद का विशेष सत्र ऐसे समय में हो रहा है, जब देश के बड़े हिस्से में गौरी–गणेश की पूजा होती है। सो, महिला बिल एक दांव हो सकता है। कांग्रेस ने इस बिल को लोकसभा में पास कराया था। राज्यसभा में वह अटका। सरकार ने सदन में इसे पास कराया तो स्वभाविक को कांग्रेस को समर्थन करना होगा जबकि महिला आरक्षण विरोधी मंडलवादी याकि लालू, नीतिश, अखिलेश जैसी पार्टियां विरोध करेगी। जाहिर है सरकार को महिला आरक्षण से इंडिया एलायंस में फूट पडने का विश्वास होगा तो महिलाओं की अखिल भारतीय वाहवाही मोदी के खाते में। दूसरी अटकल देश की संसदीय प्रणाली को बदल कर अध्यक्षीय प्रणाली बनाए जाने का बिल लाने की हैं। लेकिन यह भी पुरानी अटकल है।

इसके अलावा आरक्षण या आरक्षण के भीतर आरक्षण का दांव भी चला जा सकता है। नरेंद्र मोदी सरकार ने जस्टिस रोहिणी आयोग का गठन किया था, जिसने छह साल के बाद अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी। इस रिपोर्ट के आधार पर अत्यंत पिछड़ी जातियों के लिए अतिरिक्त आरक्षण की घोषणा हो सकती है। बिहार से शुरू हुई जातीय जनगणना और आरक्षण की राजनीति को पंक्चर करने के लिए यह दांव चला जा सकता है। समान नागरिक संहिता की चर्चा अचानक थम गई थी लेकिन जिस तरह से सरकार ने जम्मू कश्मीर या नागरिक संहिता का कानून लाकर पास कराया वैसे ही समान कानून का बिल आ सकता है।

एक देश, एक चुनाव के बिल की अटकल भी है लेकिन वह व्यावहारिक कारणों से संभव नहीं है। विपक्षी पार्टियां सरकार भंग करने को राजी नहीं होंगी, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में पिछले ही साल सरकार बनी है, वहां भी विधानसभा भंग करके फिर चुनाव में जाने की संभावना नहीं है।

चुनाव आयोग को भी इसके लिए बहुत समय और बहुत ज्यादा संसाधन की जरूरत पड़ेगी। अगर लोकसभा चुनाव टले, इंदिरा गांधी की तरह नरेंद्र मोदी भी लोकसभा का कार्यकाल छह साल का कर दें तभी यह संभव हो सकता है।

विशेष सत्र को समापन सत्र बनाने और समय से पहले लोकसभा का चुनाव कराने की संभावना कतई नहीं है। कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री के प्रति बहुत सकारात्मक माहौल है और रेटिंग हाई है इसलिए समय से पहले चुनाव कराया जा सकता है। लेकिन असल में हाई रेटिंग की वजह से ही प्रधानमंत्री और भाजपा विपक्ष से कोई खतरा नहीं मान रहे हैं इसलिए चुनाव समय से होंगे। पांच राज्यों के साथ लोकसभा का चुनाव कराने की अटकल दूर की कौड़ी है। एक संभावना यह जताई जा रही है कि गणेश उत्सव के समय संसद के नए भवन में प्रवेश का इवेंट भी क्रिएट किया जा सकता है।

# खोया हुआ चेहरे का नूर लौट आएगा वापस, बस नारियल की मलाई से ऐसे करे फेस मसाज

नारियल पानी की तरह ही नारियल की मलाई भी फायदेमंद होती है. इससे ओवरऑल हेल्थ ही नहीं बल्कि स्किन से जुड़ी समस्याएं भी दूर होती हैं. टैनिंग, एजिंग और ड्राईनेस जैसी स्किन प्रॉब्लम्स दूर करने में नारियल की मलाई कारगर मानी जाती है. इसमें माइश्चराइजिंग गुण पाए जाते हैं, जिससे चेहरे और बालों दोनों के लिए यह अच्छा माना जाता है. आइए जानते हैं नारियल की मलाई चेहरे पर लगाने से क्या–क्या फायदे होते हैं...

स्किन डलनेस दूर करने में नारियल की मलाई बेहद कारगर होती है. एक नेचुरल माइश्चराइजर के तौर पर चेहरे को हाइड्रेट रखने में यह मदद करती है. एक–एक चम्मच नारियल की मलाई और नारियल का पानी मिक्स कर इसमें गुलाब जल की कुछ बूंदें मिला लें. इसके बाद चेहरे पर लगाने से डस्ट दूर हो जाती है और चेहरे की रौनक लौट आती है.नारियल की मलाई चेहरे से ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को भी कम करने का काम करता है. ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस के चलते फ्री रेडिकल्स की समस्या बढ़ जाती है, जिससे उम्र से पहले ही चेहरे पर एजिंग आ जाते हैं. एजिंग से छुटकारा पाने के लिए एक कटोरी में दो चम्मच मलाई और मुल्तानी मिट्टी को मिलाकर चेहरे पर लगाएं. जब यह सूख जाए तो नारियल पानी से चेहरे पर मसाज करें और फेस क्लीन करें.

नारियल की मलाई में एंटी इंफ्लामेंटरी और एंटी माइक्रोबियल गुण पाए जाते हैं. ये मुहांसों को जड़ से मिटा सकते हैं. नारियल मलाई में कॉफी मिलाकर स्क्रब तैयार करें. इससे चेहरे पर एक से दो मिनट तक मसाज करें और फिर अच्छी तरह साफ कर लें. चेहरा क्लीन हो जाएगा और स्किन पर मौजूद इम्प्यूरिटीज भी दूर हो जाएगी.गर्मियों में घर से बाहर निकलने पर रैशेज स्किन सेल्स को डैमेज करने लगते हैं. इससे बचने के लिए सनस्क्रीन का इस्तेमाल होता है. हालांकि, सनस्क्रीन ज्यादा समय तक चेहरे पर नहीं टिक पाता है और सन बर्न की चपेट में आ जाता है. इसकी वजह से स्किन जलन और सूजन की समस्या महसूस करती है. ऐसे में नारियल पानी से चेहरे को धोकर उस पर नारियल की मलाई, एलोवरा जेल और चुटकीभर हल्दी मिलाकर लगाने से रैशेज की समस्या गायब हो सकती है.त्वचा को नेचुरल तरीके से एक्सफोलिट करने में नारियल की मलाई का इस्तेमाल कर सकते हैं.



ओट्स को लेकर कुछ देर के लिए मलाई में भिगो दें।

## सूडान संघर्ष से 48 लाख लोग विस्थापित : संयुक्त राष्ट्र एजेंसी

**खार्तूम ,एजेंसी** । मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा है कि सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और अर्धसैनिक सहायता बल (आरएसएफ) के बीच संघर्ष के कारण अप्रैल के मध्य से सूडान के अंदर और बाहर लगभग 4.8 मिलियन लोग विस्थापित हुए हैं।

ओसीएचए ने अपने नवीनतम अपडेट में कहा कि लगभग दस लाख लोग पड़ोसी देशों में चले गए हैं। इसमें कहा गया है कि चार महीने से अधिक समय पहले सूडान में संघर्ष शुरू होने के बाद से कम से कम दो मिलियन बच्चे अपने घरों से भाग गए हैं।

इससे पहले यूएनएचसीआर ने सूडान में चल रहे संघर्ष से 2023 के अंत तक पांच पड़ोसी देशों में आने वाले 1.8 मिलियन से अधिक लोगों को आवश्यक सहायता और सुरक्षा प्रदान करने के लिए 1 बिलियन डॉलर मदद की अपील की थी।

सूडानी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सूडान में 15 अप्रैल से खार्तूम और अन्य क्षेत्रों में एसएएफ और आरएसएफ के बीच घातक सशस्त्र झड़पों में तीन हजार से अधिक लोग मारे गए और छह हजार से अधिक घायल हुए।

## पुणे रेलवे डिवीजन ने बिना टिकट यात्रा करने पर 19,000 लोगों से जुर्माना वसूला

**पुणे एजेंसी**। महाराष्ट्र में पुणे रेलवे डिवीजन ने अगस्त में बिना टिकट यात्रा करते पाए गए 19,101 लोगों से 1,43,56,000 रुपये का जुर्माना वसूल किया है। जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि उपरोक्त कार्रवाई मंडल रेल प्रबंधक इंदु दुबे के मार्गदर्शन और अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक ब्रिजेश कुमार सिंह के समन्वय से की गई।

## कांग्रेस सनातन विरोधी ही नहीं, राष्ट्रविरोधी भी है : मालवीय

**नई दिल्ली एजेंसी** । भाजपा आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के टिकट के लिए जयपुर में बुलाई गई कांग्रेस की बैठक में पार्टी पर्यवेक्षक अराधना मिश्र द्वारा कांग्रेस कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भारत माता की जय की बजाय कांग्रेस जिंदाबाद का नारा लगाने को कहने की आलोचना करते हुए यह आरोप लगाया है कि कांग्रेस सनातन विरोधी ही नहीं राष्ट्रविरोधी भी है

मालवीय ने कहा, जिस पार्टी के नेताओं की मानसिकता देश विरोधी हो, वो पार्टी देश का क्या भला करेगी ? मालवीय ने कहा कि कांग्रेस का पतन तय है। अमित मालवीय ने मंगलवार को एक खबर शेयर हुए एक्स ( पहले ट्विटर ) कर कहा, कांग्रेस सनातन विरोधी ही नहीं राष्ट्रविरोधी भी है।

## नेपाल से सोने की ईंटों की तस्करी के आरोप में यूपी में तीन गिरफ्तार

**लखनऊ एजेंसी** । उत्तर प्रदेश पुलिस ने नेपाल से भारत में सोने की ईंटों की तस्करी करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।गिरफ्तारी सोमवार को तब की गई, जब खेप को सडक़ मार्ग से सुल्तानपुर के रास्ते गोरखपुर से प्रयागराज ले जाया जा रहा था।सोने की छड़ों का वजन 1 किलोग्राम था और उनकी कीमत 60 लाख रुपये थी।उन पर ऑस्ट्रेलियाई चिह्न थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान राम जी कुमार, अखिल कुमार भट्ट और सावन कुमार के रूप में की गई है। उन्हें सीमा शुल्क अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की उम्र 30 साल के आसपास है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा।

# अपने वोट बैंक में मायावती ने क्यों दिया सेंधमारी का मौका !



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के घोसी में मंगलवार को उपचुनाव हो गया। सियासी नजरिए से इस उपचुनाव के नतीजों को एनडीए और इंडिया के तैयार हुए प्लेटफार्म की मजबूती के तौर पर आंका जा रहा है। कहा यही जा रहा है कि इसके परिणाम बताएंगे कि सियासत में गठबंधन की राजनीति किस कदर उत्तर प्रदेश में बढ़त लेने वाली है। लेकिन इन सब के बाद भी एक तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह चुनाव एनडीए और इंडिया से हटकर, मायावती की उस सियासी चाल की भी गहराई नापेगी, जिसमें चुनाव से कुछ रोज पहले बसपा ने अपने वोटरों से घर से न निकलने समेत नोटा दबाने का सियासी दांव चला था। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि उत्तर प्रदेश की सियासत में मायावती के इस प्रयोग के परिणाम कई तरह के बड़े "सियासी संदेश" भी देंगे। सियासी जानकार तो यह भी मानते हैं कि ऐसा करके मायावती ने एक तरह से भाजपा को मंगलवार

घोसी उपचुनाव से उत्तर प्रदेश की सियासी जमीन के ताप की आजमाइश हो जाएगी। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि घोसी के उपचुनाव में एनडीए या इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की ही जीत होनी है। सियासी विश्लेषक श्रीप्रकाश कहते हैं कि यहां के चुनाव में आए नतीजों के जो सियासी मायने होंगे, वह तो उत्तर प्रदेश की सियासत का पारा गर्म ही करेंगे। लेकिन इस चुनाव के नतीजे के साथ मायावती के वोटरों का 'वजन' भी पता चल जाएगा। वह कहते हैं कि बहुजन समाज पार्टी ने चुनाव से पहले अपने मतदाताओं से पोलिंग स्टेशन पर जाकर या तो नोटा दबाने की अपील की या घर से न निकलने के लिए कहा था। राजनीतिक विश्लेषक श्रीप्रकाश कहते हैं इससे पहले के चुनाव में घोसी में बहुजन समाज पार्टी का ठीक–ठाक वोट प्रतिशत भी होता था और प्रत्याशियों को अच्छे वोट मिलते थे। ऐसे में घोसी के उपचुनाव के परिणाम बताएंगे कि मायावती का वोट बैंक के वास्तव में नोटा ही दबा कर आया है। या वह इंडिया और एनडीए में से किसी एक को मजबूती दे आया।

सियासी जानकारों का कहना है कि इस चुनाव के नतीजे किसी भी पार्टी के पक्ष में आएं, लेकिन इस परिणाम के बड़े सियासी मायने भी निकाले जाएंगे। वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक ओपी तंवर कहते हैं कि राजनीतिक गलियारों में तो चर्चा इस बात की भी हो रही है कि आखिर बसपा ने अपने वोटरों को नोटा दबाने या घर से न निकलने की बात कह कर अपरोक्ष रूप से किसी एक दल की ओर जाने का इशारा तो नहीं किया है। तंवर कहते हैं कि बीते कुछ चुनाव के परिणाम बताते हैं कि बहुजन समाज पार्टी का एक बड़ा वोट बैंक भारतीय जनता पार्टी की ओर शिफ्ट हुआ है। अब घोसी उपचुनाव के परिणाम बताएंगे कि मायावती पार्टी का वोट बैंक वास्तव में न्यूट्रल होकर घर में बैठा या नोटा दबाने के लिए पोलिंग स्टेशन पहुंचा। या फिर इन सब से हटकर उसने पोलिंग स्टेशन में जाकर भाजपा या समाजवादी पार्टी को वोट दिया।

उत्तर प्रदेश की सियासत को करीब से समझने वालों का कहना है कि जब सभी सियासी दल बड़े गठबंधन के साथ चुनावी मैदान में जोर आजमाइश कर रहे हैं, तो मायावती का इस महत्वपूर्ण उपचुनाव में न्यूट्रल हो जाना, कई तरह के राजनीतिक सवाल भी खड़े कर रहा है। वरिष्ठ पत्रकार जीडी शुक्ला कहते हैं कि घोसी उपचुनाव के नतीजे स्पष्ट कर देंगे कि मायावती के वोट बैंक ने इस चुनाव में किस तरह मतदान किया है। वह कहते हैं कि 2022 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने घोसी सीट पर 54000 वोट हासिल किए थे। अब यह मतदाता जिस दिशा में भी जाएंगे, चुनावी परिणाम का पूरा रुख बदल जाएगा।राजनीतिक जानकार ज्ञानेंद्र प्रकाश कहते हैं कि घोसी सीट पर 90 हजार से ज्यादा अनुसूचित जाति के वोटर हैं। यह वोटरों की वह संख्या है जो किसी भी चुनाव के परिणाम को बदलने की क्षमता रखते हैं। इसके अलावा तकरीबन 95 हजार मुस्लिम, 50 हजार राजभर, 50 हजार नोनिया, 30 हजार बनिया, 19 हजार निषाद, 15 हजार क्षत्रिय, इतने ही कोइरी, 14 हजार भूमिहार, 7 हजार ब्राह्मण, 5 हजार कुम्हार वोटर हैं। उनका कहना है कि जिस तरीके से दलित बाहुल्य क्षेत्र में भी भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव जीते हैं, उससे घोसी में बसपा के न्यूट्रल होने से भाजपा का उत्साह बढ़ गया था। वह कहते हैं कि ऐसे चुनावी साल में आखिर मायावती ने अपने वोटरों को घर से न निकलने की बात कहकर वह कौन सा सियासी दांव चला है, यह तो बहुजन समाज पार्टी के रणनीतिकार ही जानते होंगे। लेकिन उनका कहना है कि यह तय है कि ऐसा करके बहुजन समाज पार्टी में ठऊअ और कठ.ऊकअ गठबंधन के नेताओं को उनके वोट बैंक में सेंधमारी करने का खुला मौका दे दिया था।

## यात्रियों की सुरक्षा को लेकर मोदी सरकार ने जारी किए निर्देश, स्लीपर बसों को लेकर उठाया बड़ा कदम

**नई दिल्ली ,एजेंसी** । स्लीपर बसों में आगजनी की बढ़ती घटनाओं के चलते केंद्र सरकार ने नए मानदंड जारी किए हैं। सडक़ परिवहन मंत्रालय ने मानदंडों के अनुपालन के लिए निर्देश जारी किए हैं। मंत्रालय द्वारा जारी किए गए ये जरूरी बदलाव महाराष्ट्र में नागपुर–मुंबई समृद्धि महामार्ग पर हाल ही में बस में लगी आग की घटना को ध्यान में रखते हुए किया गया है, जिसमें 25 लोगों की जान चली गई और कई घायल हो गए थे।नए मानदंड के मुताबिक किसी भी आपात स्थिति में बस के अंदर मौजूद यात्रियों को तेजी से बाहर निकलने के लिए सभी नई स्लीपर कोच बसों के हर बर्थ पर एक हथौड़ा रखना होगा। इसके अलावा विमानों की तरह सीटों और बर्थ से लेकर सभी एग्जिट गेटों तक रेट्रो–रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का निर्देश दिया गया है।

## पाक सेना प्रमुख ने व्यापारिक समुदाय के साथ साझा की आर्थिक पुनरुद्धार योजना

**इस्लामाबाद , एजेंसी**। पाकिस्तान में बिगड़ती और निराशाजनक आर्थिक स्थिति के मद्देनजर, नकदी संकट से जूझ रहे देश के सैन्य प्रतिष्ठान ने मित्र देशों से 100 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धताओं के माध्यम से पुनरुद्धार योजना के साथ कदम उठाने का फैसला किया है। सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल सैय्यद असीम मुनीर ने देश के आर्थिक केंद्र कराची और पंजाब की प्रांतीय राजधानी लाहौर में व्यापारिक समुदाय के साथ विस्तृत बैठकें की हैं।

बैठकों के दौरान, सीओएएस ने समुदाय को पाकिस्तान में भारी विदेशी निवेश आने का आश्वासन दिया है और इस बात पर भी प्रकाश डाला है कि सैन्य प्रतिष्ठान ने देश के आर्थिक पुनरुद्धार और विकास के मामले में ड्राइविंग सीट ले ली है।

कराची में कम से कम 50 शीर्ष व्यवसायियों को जानकारी देते हुए, सेना प्रमुख ने कहा कि उन्होंने अपनी हालिया यात्रा के दौरान सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) के सामने यह मामला रखा था।मुनीर ने कहा कि उन्होंने एमबीएस को सूचित किया कि वह 1–2 अरब डॉलर का निवेश मांगने नहीं आए हैं बल्कि अपने साथ एक व्यापक दीर्घकालिक निवेश प्रस्ताव लेकर आए हैं।इस बैठक के बाद सऊदी अरब ने रावलपिंडी में जीएचक्यू (सामान्य मुख्यालय) के अंदर कार्यालय की स्थिति के साथ, पाकिस्तान की सेना के प्रत्यक्ष प्रबंधन और पर्यवेक्षण के तहत, विशेष निवेश सुविधा परिषद (एसआईएफसी) के तहत पाकिस्तान में कम से कम 25 अरब डॉलर का निवेश करने का आश्वासन दिया।सीओएएस ने व्यवसायियों को सूचित किया कि सऊदी निवेश का उद्देश्य पाकिस्तान के कृषि क्षेत्र में भूमि की पेशकश और निर्यात सुनिश्चित करना है।

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का सिरसा पहुंचने पर गोबिंद कांडा ने किया स्वागत

**सिरसा ,एजेंसी** । केंद्रीय सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी मंगलवार सुबह वायु मार्ग से एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे जहां पर सिरसा के विधायक, पूर्व गृहराज्यमंत्री एवं हलोपा सुप्रीमो गोपाल कांडा के अनुज वरिष्ठ भाजपा नेता गोबिंद कांडा सहि अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद नितिन गडकरी गोगामेडी में जहारवीर के दर्शन करने के लिए सडक़ मार्ग से रवाना हुए।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी वायु मार्ग से सिरसा वायुसेना केंद्र में पहुंचे जहां पर भाजपा के प्रदेश सचिव सुरेंद्र आर्य, वरिष्ट भाजपा नेता गोबिंद कांडा और भाजपा नेताओं ने बुकें भेंटकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उपायुक्त पार्थ गुप्ता और पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण भी मौजूद थे।

## जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद–370 हटाने के मामले में सुनवाई पूरी



सुको ने सुरक्षित रखा फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने अनुच्छेद 370 को रद्द करने और पूर्ववर्ती जम्मू–कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल, संजीव खन्ना, बीआर गवई और सूर्यकांत की पांच–न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 16 दिनों तक दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।

कोर्ट ने सुनवाई के अंतिम दिन वरिष्ठ वकीलों कपिल सिब्बल, गोपाल सुब्रमण्यम, राजीव धवन, जफर शाह, दुष्यन्त दवे और अन्य की दलीलें सुनीं। शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि याचिकाकर्ता या उत्तरदाता की ओर से पेश कोई वकील लिखित दलील दाखिल करना चाहता है, तो वह अगले तीन दिनों में ऐसा कर सकता है। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि लिखित दलील दो पेज से ज्यादा की नहीं होनी चाहिए।

पिछले 16 दिन में सुनवाई के दौरान अदालत ने केंद्र और हस्तक्षेपकर्ताओं की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ताओं– हरीश साल्वे, राकेश द्विवेदी, वी गिरि और अन्य को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का बचाव करते हुए सुना।

वकीलों ने प्रावधान को निरस्त करने के केंद्र के 5 अगस्त 2019 के फैसले की संवैधानिक वैधता, पूर्ववर्ती राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों में विभाजित करने वाले जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम की वैधता, 20 जून 2018 को जम्मू कश्मीर में राज्यपाल शासन लगाए जाने, 19 दिसंबर 2018 को राष्ट्रपति शासन लगाए जाने और 3 जुलाई 2019 को इसे विस्तारित किए जाने सहित विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे।

अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने और जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं को 2019 में एक संविधान पीठ को भेजा गया था।

जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के चलते पूर्ववर्ती राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों जम्मू कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया गया था।

## 'सब्जियों की कीमतों की वजह से जुलाई में मुद्रास्फीति 7.4% हुई, अब घट रहे दाम'



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि रिजर्व बैंक मुद्रास्फीति के दूसरे दौर के प्रभाव को लेकर सजग है। वे महंगाई दर को चार फीसदी पर लाने के लिए भी प्रयासरत है। इसके लिए केंद्रीय जोखिमों पर नजर रखेगा, क्योंकि कई बार होने वाले वैश्विक आपूर्ति झटके का मूल्य स्थिति के प्रबंधन पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि कम, स्थिर मुद्रास्फीति के दौर में परिवारों, कारोबार क्षेत्रों को अपनी दीर्घावधि की बचत और निवेश योजना बनाने में मदद मिली। शक्तिकांत दास ने दिल्ली स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स में बोलते हुए यह भी कहा कि सब्जियों की कीमतों की वजह से जुलाई में मुद्रास्फीति 7.4 प्रतिशत पर पहुंची है। अब सब्जियों के दाम घटने लगे हैं।

दास ने आगे कहा, आरबीआई यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क है कि महंगाई के संबंध में सामान्यीकरण और दृढ़ता के रूप में दूसरे प्रभावों को हावी न होने दिया जाए। केंद्रीय बैंक को महंगाई को दो फीसदी कम या ज्यादा के साथ चार फीसदी पर रखने की जिम्मेदारी है। बार–बार होने वाली खाद्य कीमतों के झटके की घटनाएं महंगाई की उम्मीदों के स्थिरीकरण के लिए जोखिम पैदा करती हैं। महंगाई फरवरी 2022 से ऊंचे स्तर पर बनी हुई है। हम इस पहलू पर भी नजर रखेंगे।

दास ने कहा, सरकार की ओर से किए जा रहे निरंतर और समय पर आपूर्ति पक्ष के हस्तक्षेप की भूमिका ऐसे खाद्य मूल्य झटकों की गंभीरता और अवधि को सीमित करने में महत्वपूर्ण है। इन परिस्थितियों में मूल्य स्थिरता के लिए किसी भी जोखिम के प्रति सतर्क रहने के साथ समय पर और उचित रूप से कार्य करना जरूरी है।

उन्होंने कहा, हम अभी भी महंगाई के लक्ष्य को चार फीसदी पर लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हालांकि इसके लिए कोई समय सीमा हम नहीं दे सकते। सब्जियों की कीमतों में तेजी से जुलाई में खुदरा महंगाई दर 15 महीने के उच्च स्तर 7.4 फीसदी पर पहुंच गई थी।

वहीं, यह भी सामने आया है कि आरबीआई सीबीडीसी को कॉल मनी मार्केट के लिए टोकन के रूप में विस्तारित करने की योजना बना रहा है। आरबीआई के सूत्रों ने बताया कि आरबीआई अब इंटरबैंक ऋण बाजार में जाने की योजना बना रहा है। ऐसे में होलसेल सीबीडीसी का उद्देश्य विभिन्न तकनीकों को आजमाना है। सूत्रों ने कहा कि होलसेल पायलट के लिए प्रौद्योगिकी पर प्रयोग करना अपेक्षाकृत आसान होता है।

केंद्रीय बजट 2022–23 में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सेंट्रल बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) नामक डिजिटल मुद्रा को शुरू करने की घोषणा की थी। बाद में वित्त विधेयक 2022 के पारित होने के साथ आरबीआई अधिनियम, 1934 की संबंधित धारा में आवश्यक संशोधन किए गए थे। बता दें कि सीबीडीसी संप्रभु मुद्रा का एक इलेक्ट्रॉनिक रूप है। यह नकदी की तरह कोई ब्याज अर्जित नहीं करेगा, लेकिन इसे नकद के विभिन्न रूपों में परिवर्तित किया जा सकता है।

हाल ही में आरबीआई ने पायलट प्रोजेक्ट होलसेल सीबीडीसी शुरू किया है। इसके लिए नौ बैंकों – स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, यस बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एचएसबीसी को चुना गया है।

## हैदराबाद में भारी बारिश, स्कूल–कॉलेजों में छुट्टी

**हैदराबाद एजेंसी** । हैदराबाद में मंगलवार सुबह से भारी बारिश हो रही है, इससे निचले इलाकों में पानी भर गया है और सामान्य जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है।

और अधिक बारिश के पूर्वानुमान को देखते हुए, सरकार ने हैदराबाद में सभी शैक्षणिक संस्थानों में छुट्टी की घोषणा कर दी है।

2–3 घंटे तक भारी बारिश के कारण शहर और बाहरी इलाकों के कई हिस्सों में सडक़ें जलमग्न हो गईं। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) ने अलर्ट जारी कर दिया है। इसमें लोगों से घरों से बाहर न निकलने की अपील की गई है।

जीएचएमसी आयुक्त ने एक्स पर पोस्ट किया, हैदराबाद में भारी बारिश। कृपया अगले कुछ घंटों तक जब तक बहुत आवश्यक न हो, अपने घर से बाहर न निकलें। हमारी तीन से अधिक टीमें पूरे शहर में जल जमाव को साफ करने के लिए मैदान में हैं। नागरिक सहायता के लिएजीएचएमसी–डीआरएफ 040–21111111 या 9000113667 पर कॉल कर सकते हैं।

आपदा प्रतिक्रिया बल (डीआरएफ) की टीमें शहर के विभिन्न हिस्सों में जमा पानी और गिरे हुए पेड़ों को हटा रही हैं।

आरामघर में पानी में फंसी टीएसआरटीसी बस को ट्रैफिक पुलिस और जीएचएमसी डीआरएफ टीमों ने निकाला।

## सीबीआई ने आईआरएफसी के पूर्व सीएमडी पर फंड गबन का मामला दर्ज किया

**नई दिल्ली एजेंसी** । केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित भ्रष्टाचार और सार्वजनिक धन के गबन के मामले में भारतीय रेलवे वित्त निगम (आईआरएफसी) के पूर्व अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अमिताभ बनर्जी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। यह मामला आईआरएफसी फंड का उपयोग करके महंगे सोने और गैर–सोने की वस्तुओं की खरीद, खरीद और वितरण से संबंधित है।आईआरएफसी भारतीय रेलवे के तहत एक अनुसूची ए सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) है, जो मुख्य रूप से रोलिंग स्टॉक के अधिग्रहण और हाल ही में रेलवे बुनियादी ढांचे के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए जिम्मेदार है।सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एजेंसी को रेलवे बोर्ड में सतर्कता (खुफिया) के संयुक्त निदेशक भास्कर रॉय चौधरी से 27 फरवरी को बनर्जी और अन्य के खिलाफ शिकायत मिली थी। प्रारंभिक जांच करने के बाद, सीबीआई ने उनके खिलाफ बनर्जी 28 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज की। चौधरी ने बनर्जी और अन्य पर वित्तीय गबन में शामिल होने का आरोप लगाया था।एफआईआर में कहा गया है, रेलवे बोर्ड की सतर्कता शाखा ने आईआरएफसी की दो फाइलों की जांच की और सोने और गैर–सोने की वस्तुओं की खरीद और वितरण में गंभीर अनियमितताओं की पहचान की। शिकायतकर्ता ने निजी व्यक्तियों की संलिप्तता का आरोप लगाया।एफआईआर से यह भी पता चला कि दो आईआरएफसी फाइलों की जांच के बाद बयान दर्ज किए गए और सोने के सिक्कों और गैर–सोने के कॉर्पोरेट उपहार वस्तुओं की खरीद, खरीद और वितरण के संबंध में गंभीर अनियमितताएं उजागर हुईं।

# चीन व पाकिस्तान सीमा के समीप वायु सेना का प्रशिक्षण अभ्यास त्रिशूल शुरू

**नई दिल्ली एजेंसी** । भारतीय वायु सेना ने चीन और पाकिस्तान सीमा के समीप ट्रेनिंग अभ्यास त्रिशूल शुरू किया है। भारतीय वायुसेना के सबसे बड़े पश्चिमी वायु कमांड का यह सालाना अभ्यास जम्मू कश्मीर के लद्दाख, हिमाचल व पंजाब के क्षेत्रों में 14 सितंबर तक चलेगा।इस अभ्यास में राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश , जम्मू–कश्मीर और लद्दाख में वायुसेना के एयरकाफ्ट अपनी तैयारियों का निरीक्षण करेंगे। वायु सेना के साथ–साथ आर्मी भी त्रिशूल अभ्यास का हिस्सा है। वायु सेना के त्रिशूल अभ्यास में हिस्सा ले रहे विमान जम्मू कश्मीर सीमा से लगे हुए लंगेरा, चुराह, सतरूंडी, मंगली, महलनाग क्षेत्रों लड़ाकू विमान उड़ रहे हैं।

चीन और पाकिस्तान की सीमा पर उत्तरी क्षेत्र में आयोजित इस अभ्यास में राफेल, मिराज 2,000 समेत लड़ाकू विमानों के साथ चिनूक, अपाचे और भारी–लिफ्ट परिवहन विमान शामिल हैं। इसके साथ ही हेलिकाप्टर्स का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। गरुड़ विशेष बल भी इस अभ्यास का हिस्सा है। यह अभ्यास 14 सितंबर तक लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर और पंजाब सहित उत्तरी क्षेत्रों में होना है।भारत में आयोजित जी–20 से पहले हो रहे इस प्रशिक्षण अभ्यास को लेकर सेनाओं का कहना है कि यह एक सामान्य व पूर्व नियोजित कार्यक्रम है।त्रिशूल युद्धाभ्यास की प्रक्रिया रविवार देर रात से ही शुरू हो गई थी और 4 सितंबर से इसे आधिकारिक तौर पर शुरू किया गया। युद्धाभ्यास भारत की उत्तरी सीमा पर 1400 किलोमीटर के क्षेत्र में किया जा रहा है। इसमें पंजाब सहित जम्मू कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के इलाके भी शामिल हैं। त्रिशूल अभ्यास के अंतर्गत भारतीय वायुसेना के जवान 14 सितंबर तक युद्ध की सभी बारीकियों का अभ्यास करेंगे।दरअसल इन दिनों चीन और पाकिस्तान भी एक संयुक्त अभ्यास कर रहे हैं। इसे शाहीन एक्स संयुक्त वायु सेना अभ्यास नाम दिया गया है। चीन और पाकिस्तान का यह संयुक्त वायु सेना प्रशिक्षण अभ्यास अगस्त के अंत में शुरू हुआ था और सितंबर के मध्य तक जारी रहेगा।

रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि भारत का त्रिशूल अभ्यास चीन और पाकिस्तान द्वारा शुरू किए गए शाहीन एक्स संयुक्त अभ्यास का जवाब है। चीन और पाकिस्तान से लगती सीमा पर भारतीय वायुसेना का यह बड़ा अभ्यास है। इस अभ्यास में वायुसेना के लड़ाकू विमान रफाल, सुखोई, मिग–29 , जगुवार, मिराज 2000 और तेजस सीमा पर गरजेंगे। इनके अलावा वायुसेना के ट्रांसपोर्ट विमान सी 130 और सी 17 के साथ–साथ अटैक हेलीकॉप्टर अपाचे और चिनूक भी अपनी शक्ति और तकनीक का प्रदर्शन करेंगे।भारतीय वायु सेना आसमान में ही ईंधन भरने वाले विमानों व निगरानी रखने वाले अवाक्स को भी अभ्यास में शामिल कर रही है।वायु सेना से मिली जानकारी के मुताबिक सैटेलाइट के जरिए भी अभ्यास की बारीकियों पर नजर रखी जाएगी, तो जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की ताकत भी जांची जाएगी।

## सनातन धर्म के विरोधियों को न सत्ता में रहने का अधिकार न आने का : दीया कुमारी

**जयपुर एजेंसी** । सांसद दीया कुमारी ने नाथद्वारा विधानसभा के उनवास में पीएमजीएस योजना के अंतर्गत बनने वाली 6.79 करोड़ की सडक़ का शिलान्यास किया।उनवास में प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के तृतीय फेज–2 में खमनोर से केसुली वाया उनवास सेमल तक 6.79 करोड़ की लागत से 8.50 किलोमीटर बनने वाली सडक़ का शिलान्यास करते हुए सांसद दीया कुमारी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध है और उसी का परिणाम है की गांव गांव में सडक़ों का जाल बिछाया गया है।सांसद ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति के चलते सनातन धर्म का अपमान कर रही है। सनातन धर्म को नष्ट करने का आह्वान करने वाली कांग्रेस कोई दल नहीं है ।

# ईशान किशन को मिला इनाम, संजू सैमसन—अश्विन नजरअंदाज



नई दिल्ली, । इंतजार खत्म हो चुका है। वर्ल्ड कप 2023 के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया गया है। ईशान किशन और अक्षर पटेल को पहली बार 50 ओवर का विश्व कप खेलने का चांस मिला है।

वहीं, युजवेंद्र चहल पर सेलेक्टर्स ने एकबार फिर गाज गिराई है। संजू सैमसन वनडे में अच्छी फॉर्म दिखाने के बावजूद नजरअंदाज कर दिए गए हैं। आइए आपको बताते हैं वर्ल्ड कप 2023 के लिए चुनी गई भारतीय टीम की पांच बड़ी बातें।

1. ईशान किशन को मिला इनाम

वनडे क्रिकेट में लगातार बल्ले से हल्ला मचा रहे ईशान किशन को बेहतरीन प्रदर्शन का इनाम मिला है। ईशान को वर्ल्ड कप 2023 की टीम में शामिल किया गया है। ईशान ने वेस्टइंडीज दौरे पर लगातार तीन अर्धशतक जमाए थे। वहीं, एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 82 रन की शानदार पारी खेली थी।

2. युजवेंद्र चहल फिर नजरअंदाज

युजवेंद्र चहल को एकबार फिर वर्ल्ड कप की टीम से नजरअंदाज कर दिया गया है। चहल को एशिया कप की टीम में शामिल नहीं किया गया था। यह बात याद रखनी होगी कि विश्व कप भारत की धरती पर ही होना है। ऐसे में चहल को ड्रॉप करने का फैसला भारतीय टीम को कहीं बहुत भारी ना पड़ जाए।

3. खराब फॉर्म के बावजूद सूर्या को मौका

50 ओवर के फॉर्मेट में लगातार खराब प्रदर्शन के बावजूद सूर्यकुमार यादव वर्ल्ड कप टीम में अपनी जगह बनाने में सफल रहे हैं। सूर्या ने अब तक खेले 26 वनडे मैचों में 24 की मामूली औसत से सिर्फ 511 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से मात्र दो अर्धशतक निकले हैं।

4. अश्विन– संजू सैमसन बाहर

रविचंद्रन अश्विन को भी वर्ल्ड कप 2023 की टीम में शामिल नहीं किया गया है। भारत की सरजमीं पर अश्विन अपने अनुभव के दम पर भारतीय टीम के लिए काफी कारगर साबित हो सकते थे। अश्विन का रिकॉर्ड भारत की धरती पर बेमिसाल रहा है। वहीं, संजू सैमसन पर भी सेलेक्टर्स ने भरोसा नहीं दिखाया है। सैमसन ने अब तक खेले 13 वनडे मैचों में 55 की दमदार औसत से 390 रन कूटे हैं।

5. केएल राहुल पर भरोसा कायमं

केएल राहुल पर भारतीय सेलेक्टर्स का भरोसा कायम है। राहुल को एशिया कप की टीम में भी चुना गया है, लेकिन वह खराब फिटनेस के चलते अब तक मैदान पर नहीं उतर सके हैं। राहुल पिछले लगभग चार से पांच महीने से क्रिकेट से दूर हैं।

# बांग्लादेश की बढ़ी मुश्किलें



नई दिल्ली, एशिया कप के बीच बांग्लादेश की टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के लिए एक बुरी खबर सामने आई है। बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी नजमुल हुसैन शान्तो बाएं हैमस्ट्रिंग में दर्द के कारण एशिया कप के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं।

मिडिल ऑर्डर के टॉप बल्लेबाज बनकर उभरे नजमुल–

बता दें कि बांग्लादेश पहले ही अपने खिलाड़ियों की चोट की मार से जूझ रहा है। बांग्लादेश के एशिया कप के अब तक दो मैचों में नजमुल ने पहले मैच मे 89 और दूसरे में 104 रन बनाकर शतक जड़ा था। ऐसे में वह टीम के लिए टूर्नामेंट के टॉप बल्लेबाज बनकर उभरे हैं।

टीम के फिजियो ने दी जानकारी–

शाकिब अल हसन और मुश्फिकुर रहीम जैसे सीनियर खिलाड़ियों के बीच नजमुल एशिया कप में बांग्लादेश के मिडिल ऑर्डर का एक अहम हिस्सा बनकर सामने आए हैं।

बांग्लादेश टीम के फिजियो बायजेदुल इस्लाम खान ने पुष्टि की कि अफगानिस्तान के खिलाफ एशिया कप अ२ उ४स्र 2023 के चौथे मैच के बाद नजमुल हुसैन शान्तो के स्कैन में मांसपेशियों में खिंचाव का पता चला है।

फिजिओ ने कहा कि हम विश्व कप से पहले उनकी हालत बिगड़ने का खतरा नहीं उठा सकते हैं, जिसके चलते वे एशिया कप के बाकी मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

## वर्ल्ड कप 2023 जीतने के लिए रोहित शर्मा का मास्टर प्लान, इन 15 खिलाड़ियों के सिलेक्शन के पीछे की बताई वजह



नई दिल्ली, वर्ल्ड कप 2023 के लिए टीम इंडिया का एलान हो चुका है। मंगलवार को कप्तान रोहित शर्मा की मौजूदगी में बीसीसीआई के चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर ने टीम का एलान किया है। बता दें कि इस समय एशिया कप में खेलने के लिए टीम इंडिया श्रीलंका में मौजूद है।

टीम इंडिया का एलान होने के बाद रोहित शर्मा ने मीडियाकर्मियों के सवालों का जवाब दिया। वर्ल्ड कप को लेकर रोहित शर्मा ने कई अहम बातें बताई।

रोहित शर्मा ने कहा," हमने टीम इंडिया के सबसे मजबूत टीम को इकट्ठा करने की कोशिश की है। ये सही है कि कई खिलाड़ियों का सिलेक्शन नहीं हुआ। हमारे पास कई खिलाड़ी मौजूद हैं, जिनके पास शानदार प्रतिभा है। उन खिलाड़ियों में से 15 खिलाड़ियों को चुनना काफी मुश्किल काम है।"

भारतीय कप्तान ने कहा कि इस समय वर्ल्ड कप के लिए चुनी गई ये सबसे सर्वश्रेष्ठ टीम है।रोहित ने कहा कि 50 ओवर का फॉर्मेट अलग है। इस टूर्नामेंट के लीग फॉर्मेट में हमें नौ मैच खेलने हैं। हमनें पिछली बार यानी 2019 के वर्ल्ड कप में देखा कि इंग्लैंड टीम ने ये कारनामा कैसे किया है।

**टीम की बल्लेबाजी में गहराई हो: भारतीय कप्तान**

टीम में ऑलराउंडर के सवाल पर रोहित शर्मा ने कहा कि हर मजबूत टीमों में कुछ ऐसे गेंदबाज भी होते हैं, जो बैटिंग कर सकें। हमारी भी कोशिश है कि टीम की बल्लेबाजी क्रम मजबूत हो। हमें बल्लेबाजी में गहराई बनानी होगी। बल्लेबाजों की गहराई की बात आती है तो 8 और 9 नंबर महत्वपूर्ण हो जाते हैं। हमारे गेंदबाजों का काम विकेट लेने के साथ–साथ कुछ रन बनाना भी है।

रोहित शर्मा को क्यों आया गुस्सा?

हालांकि,रिपोर्टर के एक सवाल पर रोहित शर्मा भड़क गए। दरअसल, एक रिपोर्टर ने पूछा कि क्या टीम को इस बात की परवाह होती है कि बाहर उनके बारे में क्या बातचीत हो रही है। इस सवाल को सुनने के बाद रोहित थोड़े गुस्से में दिखे।।

# सोशल मीडिया पर मचा हाहाकार



नई दिल्ली, : सोमवार 4 सितंबर को भारत–नेपाल मैच के दौरान पूर्व भारतीय खिलाड़ी गौतम गंभीर एक वीडियो वायरल होने के कारण विवादों से घिर गए।

क्या था पूरा मामला–

दरअसल हुआ ये कि गंभीर मैदान से ड्रेसिंग रूम की ओर जा रहे हैं और वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि कुछ लोग धोनी और कोहली चिल्ला रहे हैं। ऐसे में गंभीर ने उन्हें मिडिल फिंगर दिखाई, जिस पर सोशल मीडिया पर विवाद हो गया। गंभीर इस मैच में कमेंट्री कर रहे थे।

सहवाग की हुई एंट्री–

बाद में मामले पर सफाई देते हुए गंभीर ने कहा कि वहां कुछ लोग भारत विरोधी नारे लगा रहे थे और कश्मीर मुद्दे का जिक्रकर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं अपने देश के खिलाफ कुछ नहीं सुन सकता हूं। अगर कोई मुझे भी गाली देगा तो मैं चुप करके निकलने वालों में से नहीं हूं। अब इस मामले में एक नया मोड़ आया है, जिसमें पूर्व भारतीय ओपनर वीरेंद्र सहवाग की एंट्री हुई है।

क्या बोले सहवाग–

दरअसल, सहवाग ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें वे गंभीर पर निशाना साधते हउए नजर आ रहे हैं। हालांकि, उन्होंने सीधे तौर पर पूरे मामले का जिक्र नहीं किया है, लेकिन अपनी प्रतिक्रिया में उन्होंने खेल और राजनीति को लेकर बात की है।

## फिल्मी दुनियां

# कृति खरबंदा और सनी सिंह की फिल्म रिस्की रोमियो का ऐलान, पहली बार बनी जोड़ी



बॉलीवुड के मशहूर निर्देशक अबीर सेनगुप्ता ने अपनी अगली फिल्म रिस्की रोमियो का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म में कृति खरबंदा और सनी सिंह की जोड़ी बनी है।फिल्म में कृति और सनी पहले कभी न देखे गए अवतार में नजर आएंगे। यह पहली बार होगा कि दोनों बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं।हाल ही में फिल्म के निर्माताओं ने रिस्की रोमियो का मोशन पोस्टर भी साझा कर दिया है।निर्माताओं ने एक शानदार और आकर्षक मोशन पोस्टर के साथ अपनी फिल्म रिस्की रोमियो की घोषणा की।अबीर ने लिखा, और फिल्में बनाने का मेरा सफर अभी जारी है, जैसा कि मैं अपने निर्देशन में बनी अगली फीचर फिल्म रिस्की रोमियो की घोषणा कर रहा हूं। इसमें सनी और कृति जैसे शानदार कलाकार शामिल हैं। मैं इससे अधिक की उम्मीद नहीं कर सकता था।निर्देशक ने बताया कि फिल्म की शूटिंग इसी साल सर्दियों में शुरू हो जाएगी।अबीर का कहना है कि रिस्की रोमियो एक नियो–नोयर कॉमेडी ट्रेजेडी फिल्म है। उन्हें लगभग 3 साल तक कई कहानियों पर काम करने के बाद रिस्की रोमियो मिली, जिसने उनका दिल जीत लिया और उन्होंने इस फिल्म को बनाने का निर्णय लिया।अबीर ने बताया कि सनी स्क्रिप्ट सुनते ही फिल्म के लिए मान गए थे और जब वह कृति से मिले तो वह भी तुरंत इसका हिस्सा बन गईं। ऐसे उन्हें अपने दोनों मुख्य कलाकार मिल गए।नियो–नोयर फिल्मों में कई तत्व शामिल होते हैं। एक शानदार नियो–नोयर फिल्म वह है, जो अन्य शैलियों को भी खुद में मिश्रित कर सकती है, जैसे थ्रिलर, ड्रामा, कॉमेडी, ट्रेजेडी आदि। ऐसे में दर्शकों को रिस्की रोमियो में यह सब देखने को मिलेगा।अबीर न केवल फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं बल्कि जादूगर फिल्म्स के तहत अनुश्री मेहता के साथ पीआर मोशन पिक्चर्स की प्रियंका मेहरोत्रा और रमेशचंद्र यादव के सहयोग से फिल्म का निर्माण भी कर रहे हैं।

### टीवी इंडस्ट्री में 12 साल पूरे होने पर बोलीं फलक नाज– लोग मेरे काम को याद करते हैं

ससुराल सिमर का, भारत के वीर पुत्र : महाराणा प्रताप और राम सिया के लव कुश में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस फलक नाज ने टीवी इंडस्ट्री में 12 साल पूरे कर लिए हैं।

12 साल पूरे करने पर उन्होंने कहा, मैं कहूंगी कि अपनी जर्नी के दौरान मैंने कई खूबसूरत किरदार निभाए हैं, मैं हमेशा अपने काम को लेकर चयनात्मक रही हूं और मेरा मानना है कि मैंने अच्छा काम किया है। लोग मेरे काम को याद करते हैं और यह सब ससुराल सिमर का शो से शुरू हुआ, जो सबसे बड़ा है क्योंकि इसने मुझे सबके सामने जान्हवी के रूप में पहचान दिलाई।

उन्होंने कहा, मैंने ऐसे खूबसूरत किरदार निभाए हैं, जिन्हें लेकर मैं कह सकती हूं कि युवा लोग, विशेष रूप से देवकी में मेरे किरदार को पसंद करते हैं।

## टाइगर 3 का धांसू फर्स्ट लुक पोस्टर हुआ जारी, सलमान–कैटरीना के एक्शन अवतार ने उड़ाए होश



सलमान खान और कैटरीना कैफ की मोस्ट अवेटेड फिल्म टाइगर 3 का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. वहीं मेकर्स ने फैंस को एक बड़ी ट्रीट देते हुए शनिवार सुबह फिल्म 'टाइगर 3' का पहला पोस्टर जारी कर दिया. इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट को भी कंफर्म कर दिया गया है.

सलमान खान ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर टाइगर 3 का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है इसी के साथ फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस की है.सलमान खान ने ट्वीट किया, आ रहा हूं! टाइगर3 दिवाली 2023 पर.टाइगर3 को वाईआरएफ 50 के साथ केवल अपने पास की बड़ी स्क्रीन पर सेलिब्रेट करें. हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज हो रही है. पोस्टर में, सलमान और कैटरीना दोनों को बंदूकों से लैस धांसू अवतार में देखा जा सकता है.

इस पोस्टर को देखकर, ये कहा जा सकता है कि टाइगर 3 यकीन टाइगर की पहली दो किस्तों से बड़ी और शानदार फ्रेंचाइजी होगी.

बता दं कि फ्रेंचाइज़ी की पहली फिल्म, एक था टाइगर ने 2012 में बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था. फिल्म में सलमान को रॉ एजेंट टाइगर के रूप में और कैटरीना को आईएसआई एजेंट जोया के रूप में दिखाया गया था. सलमान और कैटरीना की केमिस्ट्री ने सिल्वर स्क्रीन पर आग लगा दी थी. इसके बाद सलमान और कैटरीना ने साल 2017 में टाइगर ज़िंदा है नाम से इस फिल्म के सीक्वल के साथ कमबैक किया था.

## रजनीकांत की जेलर अपनी ओटीटी रिलीज के लिए तैयार



सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म जेलर 7 सितंबर को शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म जवान के साथ डिजिटल प्रीमियर के लिए तैयार है। जवान 7 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

लेखक और निर्देशक नेल्सन दिलीप कुमार ने कहा, जेलर के साथ हम एक मनोरंजक फिल्म बनाना चाहते थे जो थलाइवर को एक जबरदस्त एक्शन भूमिका में दिखाए। हम दर्शकों के अद्भुत प्यार और मीडिया के अनुकरणीय शब्दों से अभिभूत हैं।

उन्होंने आगे कहा, जेलर मेरे लिए बेहद खास है, मेरे पास अपनी विशिष्ट अभिनय शैली के साथ कहानी को उंचा उठाने के लिए रजनीकांत सर थे, और इस सामूहिक मनोरंजन में अपना जादुई स्पर्श जोडने़ के लिए भारतीय फिल्म उद्योग के सुपरस्टार मोहनलाल सर, शिव राजकुमार सर और जैकी श्रॉफ सर थे। हम दुनिया भर के दर्शकों के लिए उत्साहित हैं कि वे अब अपने घरों से, किसी भी समय और कहीं भी इस एक्शन ड्रामा का आनंद ले सकते हैं। प्राइम वीडियो ने शनिवार को 7 सितंबर को रजनीकांत अभिनीत जेलर के वैश्विक स्ट्रीमिंग प्रीमियर की घोषणा की। यह तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में प्राइम मेंबरशिप का लेटेस्ट एडिशन है।

# घटती कमाई के बावजूद ड्रीम गर्ल 2 ने पार किया 70 करोड़ का आंकड़ा



आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे स्टारर ड्रीम गर्ल 2 25 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. आयुष्मान की इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर जमी बैठी सनी देओल की 'गदर 2' और अक्षय कुमार की 'ओएमजी 2' से कड़ा मुकाबला करना पड़ा है.हालांकि आयुष्मान ने पूजा बन दर्शकों के दिलों के टेलीफोन बजा दिए और इसी के साथ फिल्म का ओपनिंग वीकेंड शानदार रहा.ये फिल्म आयुष्मान के करियर की सबसे बड़ी ओपनिंग भी साबित हुई है.

वहीं ड्रीम गर्ल 2 ने रिलीज के महज पांच दिन में ही 50 करोड़ का कलेक्शन कर लिया था और पहले हफ्ते में फिल्म की कमाई 67 करोड़ हो चुकी है. चलिए यहां जानते हैं ड्रीम गर्ल 2 ने रिलीज के 8वें दिन यानी दूसरे शुक्रवार को कितने करोड़ का कारोबार किया है?ड्रीम गर्ल 2 को दर्शकों ने पहले दिन से भरपूर प्यार दिया है. ओपनिंग वीकेंड के बाद सोमवार और मंगलवार को फिल्म की कमाई में गिरावट आई थी लेकिन रक्षाबंधन के मौके पर बुधवार को ड्रीम गर्ल 2 ने फिर तगड़ा जंप लिया और छठे दिन 7.5 करोड़ का कारोबार कर लिया. वहीं सातवें दिन गुरुवार को फिल्म की कमाई 7.50 करोड़ रुपये रहा है. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के 8वें दिन यानी दूसरे शुक्रवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं जिसके मुताबिक फिल्म की कमाई में गिरावट आई है. रिपोर्ट के मुताबिक ड्रीम गर्ल 2 ने रिलीज के 8वें दिन महज 4 करोड़ का कारोबार किया है.जिसके बाद ड्रीम गर्ल 2 की 8 दिनों की कुल कमाई अब 71 करोड़ रुपये हो गई है.ड्रीम गर्ल 2 के लिए आने वाला हफ्ता अहम है क्योंकि 7 सितंबर को शाहरुख खान की फिल्म जवान रिलीज हो रही है,

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com